# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 16 जून 2025

संवत 2082, आषाढ़ कृष्ण पाच मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 282 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ खेत-किसान : गैरसरकारी संगठनों को भी निभानी होगी बड़ी भूमिका

दीपिका के बाद अब पंकज त्रिपाठी ने 8 घंटे शिफ्ट का किया समर्थन... ◀◀ 6




# पलामू में बाप बेटे की मौत, कुआं से लोटा निकालने के दौरान हुआ हादसा




संवाददाता

**पलामू:** जिला में सोमवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जहां कुआं से लोटा निकालने के चलते बाप-बेटे की दम घुटने से मौत हो गई। घटना जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सहियारा गांव की है। मृतकों में 65 वर्षीय जगत रजवार और 32 वर्षीय बेटा मुन्ना रजवार शामिल है।

**संकरी जगह की वजह से कुएं में फंसे बाप बेटे :** इस घटना के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद दोनों के शवों को पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला गया। इस दौरान दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अस्पताल भेज दिया गया। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार सुबह मुन्ना रजवार कुएं के पास लोटा लेकर कुछ काम कर रहा था। इसी बीच लोटा कुएं में गिर गया, जिसे निकालने मुन्ना कुएं में उतर गया, जब काफी देर बाद भी वह वापस नहीं आया तो उसे देखने पिता जगत रजवार भी कुएं में उतर गए।

**दम घुटने से मौत :** जानकारी के मुताबिक कुएं में पानी नहीं था लेकिन कुआं काफी संकरा था जिसकी वजह से बाप-बेटे की दम घुटने से मौत हो गई। इधर, अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो ने मृतक के आश्रितों को हरसंभव मदद दिलाना का भरोसा दिलाया है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील कुमार, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विनेश राम के अलावा कई पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी घटनास्थल पहुंचे।

# कोरोना के नए वैरिएंट से पिछले 24 घंटों में 11 की गई जान, छत्तीसगढ़ में पहली मौत दर्ज



**नई दिल्ली :** कोविड-19 का नया वैरिएंट लगातार घातक हो रहा है। हालिया दिनों में खासकर बुजुर्गों के लिए नया वैरिएंट जानलेवा साबित हुआ, जिससे देशभर में मरने वालों का आंकड़ा 100 के पार पहुंच चुका है। पिछले 24 घंटों में भारत में 11 लोगों की मौत हुई। लगातार दूसरा दिन है, जब कोविड संक्रमण से मरने वालों की संख्या 10 के पार पहुंची है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में भी नए वैरिएंट के बाद पहली मौत हुई है। छत्तीसगढ़ में कोविड संक्रमण के एक्टिव केस 50 के पार जा चुके हैं। सोमवार को राज्य में एक और नया मामला दर्ज किया गया, जिससे कुल केस 51 हो गए। छत्तीसगढ़ में कोविड से जो पहली मौत दर्ज हुई है, वो 85 साल के एक बुजुर्ग व्यक्ति थे।

केरल में पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा मौतें दर्ज की गई हैं। राज्य में कोविड से संक्रमित 7 लोग मरे हैं। मरने वालों में तीन महिलाएं हैं, जिनकी उम्र क्रमशः 63, 67 और 71 साल थी। एक 33 साल के व्यक्ति की भी मौत हुई है। इसके अलावा तीन बुजुर्ग कोविड के कारण मरे हैं, जिनकी उम्र क्रमशः 85, 83 और 60 साल थी।

इसके अलावा मध्य प्रदेश में कोविड से संक्रमित एक 52 साल की महिला की मौत हुई है। महाराष्ट्र में 47 साल के व्यक्ति और दिल्ली में 67 साल के बुजुर्ग ने संक्रमण के कारण जान गंवाई है।

नए वैरिएंट के बाद भारत में अब तक मरने वालों की संख्या 108 हो चुकी है। इसमें सबसे ज्यादा 35 मौतें केरल में हुईं। महाराष्ट्र में अब तक 28 लोग मर चुके हैं। दिल्ली में 12 लोगों की जान जा चुकी है। नए वैरिएंट के बाद कर्नाटक में 11, तमिलनाडु में 7, मध्य प्रदेश में 4, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में दो-दो, छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल में एक-एक मौत दर्ज की गई। फिलहाल भारत में कोविड संक्रमण के एक्टिव मामलों की संख्या घटकर 7,264 रह गई है।

## देश में वर्ष 2027 में होगी जनगणना, केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, दो चरणों में होगी जनगणना

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने देश में अगली जनगणना वर्ष 2027 में कराने की घोषणा कर दी है। इस संबंध में भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी है। जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत जारी इस अधिसूचना में जनगणना की तिथि, संदर्भ काल तथा इससे जुड़ी अहम बातें स्पष्ट की गई हैं। अधिसूचना के अनुसार देश के अधिकांश हिस्सों में जनगणना के लिए संदर्भ तिथि 1 मार्च, 2027 निर्धारित की गई है। यानी 1 मार्च, 2027 को रात्रि 12 बजे की स्थिति के आधार पर जनगणना के आंकड़े जुटाए जाएंगे। हालांकि देश के कुछ विशेष क्षेत्रों के लिए अलग संदर्भ तिथि तय की गई है।

केंद्र सरकार ने लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के हिमाच्छादित (बर्फ से ढके) असमकालिक क्षेत्रों के लिए जनगणना की संदर्भ तिथि 1 अक्टूबर, 2026 घोषित की है। इसका कारण इन क्षेत्रों में मौसम संबंधी विशेष परिस्थितियाँ हैं, जिनके चलते वहाँ समय से पहले जनगणना कराई जाती है। इससे पहले वर्ष 2021 में होने वाली जनगणना कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। अब केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि देश की अगली जनगणना प्रक्रिया वर्ष 2027 में संपन्न कराई जाएगी।

## पीएम मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान



**निकोसिया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को साइप्रस ने अपना सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया है। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस के राष्ट्रपति, निकोस क्रिस्टोडोलाइड्स ने 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस क्क्क' से नवाजा है। पीएम मोदी ने साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार को देश की जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा, ''ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस क्क्क सम्मान के लिए मैं आपका (साइप्रस के राष्ट्रपति), साइप्रस सरकार और साइप्रस के लोगों का अभिनंदन करता हूं। ये सम्मान केवल मेरा सम्मान नहीं है, ये 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। उनके सामर्थ्य और आकांक्षाओं का सम्मान है। ये हमारे देश के सांस्कृतिक भाईचारे और ₹वसुधैव कुटुंबकम₹ की विचारधारा का सम्मान है। मैं यह अवॉर्ड भारत और साइप्रस के महत्वपूर्ण संबंधों को,हमारे साझा मूल्यों को समर्पित करता हूं। सभी भारतीयों की तरफ से मैं ये सम्मान अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता से स्वीकार करता हूं।''

### ईरानी हमलों में मरे इजरायली, यूएस दूतावास भी चपेट में

# यहूदी देश की अब खतरनाक धमकी



**तेल अवीव:** परमाणु ठिकानों पर हमलों और सेना प्रमुख समेत टॉप 20 सैन्य अफसरों के कत्ल से बौखलाए ईरान ने इजरायल पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं। ईरान ने रविवार को पूरी रात इजरायल पर मिसाइलों से हमले किए हैं। इन हमलों में बड़े पैमाने पर इमारतों को नुकसान पहुंचा तो वहीं 5 लोग मारे भी गए हैं। करीब 100 इजरायलियों के घायल होने की भी खबर है। यही नहीं ईरान के हमलों की चपेट में तेल अवीव में स्थित अमेरिकी कौंसुलेट भी आया है। इजरायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी ने इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ईरानी मिसाइल हमले में कौंसुलेट को मामूली नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई घायल नहीं है। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं।

अब इजरायल ने भी धमकी दी है कि वह ईरान के नागरिकों इलाकों पर हमले करेगा। इजरायल के डिफेंस मिनिस्टर इजरायल काट्ज ने सोमवार को कहा कि अब इन हमलों की कीमत तेहरान के लोगों को चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि ईरान ने हमारे नागरिकों को टारगेट किया है। काट्ज ने कहा कि ईरान के कायर तानाशाह ने हमारे नागरिकों पर हमले किए हैं। सेना से न लड़ पाने वाला इजरायल अब इस तरह के हमले कर रहा है। अब इसकी कीमत जल्दी ही तेहरान के लोगों को भी चुकानी होगी। बता दें कि ईरान की राजधानी में लोग पहले ही खौफजदा हैं।

**तेहरान से निकल रहे लोग, इजरायल की धमकी से और बढ़ा डर :** तेहरान में पेट्रोल पंपों और गैस स्टेशनों पर लंबी लाइनें लगी हैं। लोग गाड़ियों में अपना सामान भरकर सुदूर शहरों और गांवों में जाना चाहते हैं ताकि इजरायली हमलों की चपेट में न आएं। हालात ऐसे हैं कि तेहरान की सड़कों पर जाम लगा है और लोग जल्दी से जल्दी शहर छोड़कर निकल जाना चाहते हैं। आम ईरानियों को लगता है कि सोमवार की रात भारी गुजर सकती है। इजरायली हमलों में पहले ही 224 ईरानी मारे जा चुके हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग घायल हैं। वहीं ईरान के हमलों में अब तक 14 इजरायली मारे गए हैं और करीब 400 लोग जख्मी हैं।

**जंग को 4 दिन बीते, पर सीजफायर के नहीं दिख रहे आसार :** फिलहाल चिंता इस बात की है कि जंग को शुरू हुए 4 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी तरफ से सीजफायर की कोशिश नहीं हुई है। अब अमेरिका के कौंसुलेट को भी टारगेट कर ईरान ने जंग को नई दिशा दे दी है। अमेरिका ने एक तरफ यह कहा है कि हमारा इजरायल के हमलों में कोई हाथ नहीं है तो वहीं उसके ऐक्शन की यह कहते हुए तारीफ की है कि हमले काफी सटीक थे। जानकार मानते हैं कि इस जंग में ईरान बिलकुल रिस्क नहीं ले सकता। वह यह नहीं दिखाएगा कि किसी भी तरह से कमजोर है। उसके लिए यह अस्तित्व और वर्चस्व दोनों की लड़ाई है। हालांकि ट्रंप ने रविवार को भी इजरायल और ईरान से कहा कि दोनों देश वार्ता की मेज पर आएं।

## हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, लौटा वापस

**नई दिल्ली :** तकनीकी खराबियां, बम धमकियां और रनवे पर चिंगारियों जैसी घटनाओं ने भारत समेत दुनिया भर में विमानन सुरक्षा को लेकर चिंताएं गहरा दी हैं। सोमवार को एअर इंडिया की फ्लाइट अक्315 जो हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली आ रही थी, तकनीकी खराबी के चलते उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही वापस हांगकांग लौट गई। ये विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर था – वही ड्रीमलाइनर जिसे विश्वस्तरीय आधुनिक विमानों में गिना जाता है। एयरलाइन ने तकनीकी खामी की पुष्टि तो की, लेकिन ये साफ नहीं किया कि विमान में किस स्तर की दिक्कत आई थी। विमान में कितने यात्री थे, ये जानकारी भी सार्वजनिक नहीं की गई।

ये पहली घटना नहीं थी। रविवार को लंदन से चेन्नई और फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रहे दो बोइंग ड्रीमलाइनर विमानों को भी बीच रास्ते से लौटना पड़ा।

ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट बीए 35, जो चेन्नई आने वाली थी, टेकऑफ के दो घंटे बाद फ्लैप फेल होने के कारण हीथ्रो एयरपोर्ट उतरना पड़ा। यात्रियों के लिए यह दो घंटे का सफर किसी डरावने ख्वाब से कम नहीं रहा।

वहीं, जर्मनी से हैदराबाद आ रही लुफ्थांसा की फ्लाइट 752 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी के बाद हैदराबाद एयरपोर्ट पर सभी रडढ अपनाए गए, लेकिन विमान को भारत में लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली। मजबूरी में विमान फ्रैंकफर्ट लौट गया।

**धमकी भरा मेल, बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी, और सुरक्षा का बड़ा सवाल :** हैदराबाद एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि 15 जून की शाम को उन्हें धमकी भरा मेल मिला। आनन-फानन में बम थ्रेट असेसमेंट कमेटी बनाई गई, यात्रियों की सुरक्षा के लिए एयरलाइन को सलाह दी गई कि विमान वापस लौट जाए। विमान जर्मनी भेजा गया। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को भी नई चिंता में डाल दिया है।

**अहमदाबाद हादसे की याद ताजा :** 12 जून को भी बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का नाम सुर्खियों में था, जब अहमदाबाद में इसी विमान का क्रैश हुआ। महज दो मिनट में हादसा ऐसा हुआ कि 242 लोगों में से 241 की जान चली गई। बस एक यात्री बचा। इस हादसे की जाँच अब भी जारी है। ऐसे में बार-बार ड्रीमलाइनर से जुड़ी घटनाएं लोगों के मन में डर पैदा कर रही हैं।

**लखनऊ में भी बाल-बाल बचे हज यात्री :** लखनऊ एयरपोर्ट पर सऊदी अरबिया रविवार सुबह एयरलाइंस की फ्लाइट रश-3112 की लैंडिंग के वक्त पहिए से चिंगारी व धुआं निकलने लगा। विमान में हज यात्री सवार थे। पायलट ने सूझबूझ दिखाई और विमान को तुरंत रोक दिया। बड़ी दुर्घटना टल गई। एयरपोर्ट फायर टीम ने 20 मिनट में हालात संभाले।

**एयर इंडिया एक्सप्रेस :** पांच घंटे बिना अउ में फंसे यात्री

इस सबके बीच दुबई से जयपुर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट क-196 भी यात्रियों की परेशानी का कारण बनी। तकनीकी खराबी के चलते विमान पांच घंटे देरी से रवाना हुआ। इस दौरान न अउ चला, न पानी मिला। सोशल मीडिया पर फ्लाइट के अंदर गर्मी से परेशान यात्रियों का वीडियो वायरल हो गया, जिसमें लोग कागज से खुद हवा करते दिखे।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना: 80 पीड़ितों के डीएनए नमूने मिले, 47 के शव परिजनों को सौंपे गए



**अहमदाबाद:** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में डीएनए नमूने की कुल संख्या 80 तक पहुंच गई। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी का नमूना भी शामिल है। इसी क्रम में 47 शव सम्मानपूर्वक रिश्तेदारों को सौंप दिए गए हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ। रजनीश पटेल ने बीती रात 10:15 बजे इसकी जानकारी दी।

लंदन जा रहा बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद छात्रावास परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित 241 यात्री और चालक दल के सदस्य मारे गए। राज्य सरकार और अस्पताल प्रशासन ने डीएनए परीक्षण के जरिए मृतकों की पहचान करने के प्रयास जारी रखे हैं। डॉ। रजनीश पटेल ने कहा, 'डीएनए नमूनों के मिलान की कुल संख्या 80 तक पहुंच गई है। इनमें से 47 शव सम्मानपूर्वक उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं।'

उन्होंने कहा कि दो और पीड़ितों के रिश्तेदारों के सोमवार रात को पहुंचने की उम्मीद है जबकि 13 परिवारों को मंगलवार को शव लेने के लिए निर्धारित किया गया है। 21 पीड़ितों के लिए, परिवार के सदस्य आगे के परामर्श के बाद शव ले जाएंगे। 11 पीड़ितों के मामले में उनके रिश्तेदार भी दुर्घटना पीड़ितों में शामिल थे। शेष डीएनए मिलान पूरा होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस बीच शवों को सौंपने का काम भी जारी है। अब तक कई पीड़ितों के शव सौंपे जा चुके हैं। इनमें अहमदाबाद से 12, बड़ौदा से पांच, मेहसाणा से चार, आनंद से चार, खेड़ा से दो, भरूच से दो, उदयपुर से एक, जोधपुर से एक, बोटाद से एक और अरावली से एक पीड़ित शामिल हैं। डॉ. पटेल के अनुसार राज्य सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए एक विशेष टीम नियुक्त की है। इसमें एक वरिष्ठ अधिकारी, एक पुलिस अधिकारी और एक पेशेवर परामर्शदाता शामिल हैं। ये टीमें पहचान और हस्तांतरण प्रक्रिया के दौरान परिवारों को भावनात्मक और तार्किक रूप से समर्थन देने के लिए जिम्मेदार हैं। जैसे-जैसे पहचान प्रक्रिया आगे बढ़ी, अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक शव को पूरे सम्मान और गरिमा के साथ सौंप दिया जाएगा। इस दुर्घटना में विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 230 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य शामिल थे। एकमात्र जीवित व्यक्ति, भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक विश्वाशकुमार रमेश वर्तमान में अपनी चोटों का इलाज करा रहे हैं। इस दुर्घटना में विमान के डॉक्टर के छात्रावास में घुसने से जमीन पर मौजूद स्थानीय निवासियों और एमबीबीएस छात्रों सहित कम से कम 33 लोगों की आज तक मौत हो चुकी है।

## चांडिल डैम में डूबने से पॉलिटेक्निक छात्र की मौत, दोस्तों के साथ घूमने गया था युवक

**चांडिल:** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल डैम में कल रविवार की शाम करीब 6 बजे नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। आज सोमवार की सुबह चांडिल थाना प्रभारी दिलशन बिरुआ गोताखोर के साथ चांडिल डैम पहुंचे। गोताखोर की सहायता से युवक का शव निकाला गया। मृतल की पहचान रामगढ़ के बरकाकाना दुर्गीबस्ती निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद साहिल के रूप में हुई है। मृतक अलकबीर पॉलिटेक्निक कॉलेज कपाली का छात्र था।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई :** जानकारी के अनुसार कल रविवार की शाम साहिल अपने 8-10 दोस्तों के साथ चांडिल डैम घूमने आया था। शाम को डैम में नहाने के दौरान युवक गहरे पानी में चला गया, जहां डूबने से उसकी मौत हो गयी। चांडिल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी दिलशन बिरूआ ने बताया कि मृतक युवक के परिजन को सूचना दे दी गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### एंबुलेंस सेवा के कर्मचारी का 28 को धरना

**रांची :** झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारी 28 जून को राजभवन (जाकिर हुसैन पार्क) के सामने धरना देंगे। यह फैसला कर्मचारियों ने अपनी मांगों की अनदेखी के विरोध में लिया है। कर्मचारी संघ का आरोप है कि अब तक उन्हें न तो ऑफर लेटर मिला है और न ही ज्वाइनिंग लेटर। ऐसे में भविष्य में नौकरी जाने की स्थिति में उनके पास कोई सुरक्षा नहीं है।

संघ ने बताया कि उन्होंने कई बार सरकार और सेवा प्रदाता संस्थाओं से संपर्क किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनकी मुख्य मांगों में न्यूनतम वेतन, स्थायी नियुक्ति, पुरानी सेवाओं का बकाया भुगतान और एनएचएम से स्थायित्व शामिल हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर 28 जून से पहले उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे कार्य बहिष्कार सहित अन्य आंदोलन शुरू करेंगे। यह जानकारी कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि बृजेश कुमार ने सोमवार को दी है।

### 11वां रक्तदान शिविर आयोजित



**रांची :** स्वर्गीय सुधा अग्रवाल की स्मृति में यहां न्यू लाईफ हॉस्पिटल युवराज होटल के समीप 11वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. इस शिविर में कुल 122 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था जिसमें से लगभग 35 महिलाएं थी परंतु हीमोग्लोबिन के कठिन मापदंड रखने के कारण अधिकांश लोगों के और महिलाओं का चयन रद्द हो गया. अंत में 55 लोगों का रक्तदान लिया गया जिसमें पांच महिलाएं थी. आज के शिविर को लेकर अभी तक 571 यूनिट्स रक्त का संचय किया गया है. रक्तदान शिविर में संग्रहित रक्त को राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान बरियातू रांची ब्लड बैंक से लेने के लिए उनकी पूरी टीम सभी उपकरणों के साथ ब्लड बैंक एम्बुलेंस के साथ आये थे।

### अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल पेड़ से टकराई,युवक घायल



**चतरा :** कुंदा थाना क्षेत्र के रंथा मोड़ के समीप आज तड़के हुई एक सड़क दुर्घटना में लावालौंग की तरफ से बाईक से आ रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक युवक ने अपना संतुलन खो बैठा और सीधे पलाश के पेड़ में टक्कर मार दी।मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नम्बर जेएच 13 के 2470 है और काला रंग का स्पेंडर मोटरसाइकिल है।कुंदा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुवे युवक को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।युवक कुछ भी बताने से असमर्थ है।वही कुंदा थाना पुलिस ने आम अवाम से अपील किया है कि परिजनों को सूचना पहुंचा दें ताकी और भी बेहतर उपचार हो सके।

### चतरा में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का राजकीय अधिवेशन का किया गया आयोजन

**चतरा :** जिला के डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन में रविवार को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का तीसरा राज्य अधिवेशन आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विकास पटेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो श्याम सुंदर प्रसाद दांगी उपस्थित थे।मंच संचालन प्रो शोभा कुजूर व सीताराम यादव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विकास पटेल ने कहा कि सरकार या तो ओबीसी की जाती आधारित जनगणना की डेडलाइन जारी करे या फिर कुर्सी खाली करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा आरएसएस की मां है व कहीस इसकी नानी है। कांग्रेस जाती है, फिर भाजपा आता है, एक राजाराम और दूसरा सीताराम है। इसलिए आजादी के 70 साल बाद भी ओबीसी को अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। ओबीसी सहित सभी जातियों की जाती आधारित जनगणना नहीं करना आरएसएस का षडयंत्र है। ओबीसी को उनकी संख्या के आधार पर सभी क्षेत्रों में अधिकार नहीं देना चाहते है। 1931 की जनगणना के अनुसार ओबीसी की संख्या 52 प्रतिशत है। इसके बावजूद न्यायलय, पत्रकारिता, यूनिवर्सिटी में हमारी हिस्सेदारी नगण्य है। उन्होंने कहा कि देश में ब्राह्मणों ने 52 प्रतिशत ओबीसी को हिन्दू बना कर उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। कार्यक्रम को भारत मुक्ति मोर्चा महिला संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पूनम यादव, बामसेफ राज्य प्रभारी विजय प्रताप भारती, प्रदीप मेहता, सीताराम उरांव, मो अजरूदीन अजमी, निर्मल प्रजापति ने भी संबोधित किया। मौके पर विद्यार्थी मोर्चा के राज्य प्रभारी अशोक रजक, मृत्युंजय प्रसाद यादव, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग में जिला अध्यक्ष श्यामदेव मेहता, बामसेफ जिला अध्यक्ष लौरेश नाग, प्रो दुलार चंद ठाकुर, अशोक दांगी, धनेश्वर यादव, केदार दांगी, रामभरोश यादव, रामेश्वर यादव, रामलखन दांगी, जीवलाल प्रसाद साहू, देवचरण दांगी, राजेश रवि, शक्ति पासवान, सुनील कुमार, किरण कुमारी आदि उपस्थित थे।

### पंचायत सेवक सुखराम महतो की मौत के बाद आक्रोश

**गिरिडीह:** डुमरी में पंचायत सेवक सुखराम महतो की मौत के बाद आक्रोश और तनाव बना हुआ है। परिजनों के साथ जेएलकेएम और आजसू के समर्थक धरने पर बैठे हुए है। डुमरी विधायक जयराम महतो और आजसू पार्टी की उम्मीदवार यशोदा देवी भी मुआवजा और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन पर बैठे हुए और प्रशासन से उनकी धरना-प्रदर्शन खत्म करने को लेकर बातचीत चल रही है। इसी बीच एक खबर ये आई है कि इस मामले में आरोपी डुमरी बीडीओ अन्वेषा ओना छुट्टी पर चले गए है। 14 जून से लेकर 20 जून तक वो आकस्मिक अवकाश पर चले गए है उनकी जगह शशि भूषण वर्मा को डुमरी की जिम्मेदारी दी गई है। एक तरफ आरोपियों पर कार्रवाई की मांग हो रही है दूसरी ओर बीडीओ के छुट्टी पर चले जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। सुखराम महतो ने मानसिक प्रताड़ना से पीड़ित होकर कीटनाशक खाकर अपनी जान दे दी थी। इस मामले में बीडीओ अन्वेषा ओना, अजय कुमार, राजेगार सेवक, लक्ष्मणटुंडा अनिल कुमार साव और मुखिया पति, बलथरिया प्रमेश्वर नायक के खिलाफ सुखराम के परिजनों ने मामला दर्ज कराया है लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

---

### चतरा पुलिस ने नकली अंग्रेजी शराब कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# नकली अंग्रेजी शराब की मिनी फैक्ट्री का किया उद्भेदन

- 2280 बोतल इंपीरियल ब्लू कंपनी का 375 एम एल व्हिस्की समेत नकली शराब बनाने की सामग्री बरामद,एक तस्कर गिरफ्तार
- बरामद नकली शराब की कीमत 9 लाख रु



संवाददाता

**चतरा :** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर थाना पुलिस ने रविवार को मारंगी गांव में छापामारी कर नकली अंग्रेजी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया। पुलिस ने फैक्ट्री से 95 कार्टून में रखा 2280 बोतल इंपीरियल ब्लू कंपनी का नकली 375 एम एल व्हिस्की तथा नकली शराब बनाने की सामग्री बरामद किया। मौके से मकान मालिक और शराब तस्कर दयाल मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। इस संदर्भ में गिद्धौर थाना काण्ड सं0-41/25 दिनांक-15.06.2025 धारा-318(4)/274/275/3(5) इठर एवं 47 (') उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है। गिद्धौर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल ने उद्भेदन की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि गिद्धौर थाना क्षेत्र के मोरंगी गांव के दयाल उरांव के मकान में नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित छापामारी कर मिनी अवैध नकली शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया। शराब फैक्ट्री से इंपीरियल ब्लू कंपनी का 375 एम एल व्हिस्की - 95 कार्टुन में कुल-2280 बोतल,35 लीटर का ब्लु रंग का जार कुल 22 पीस जिसमें प्रत्येक जार में स्प्रीट जैसा पदार्थ,एक सफेद जार पांच लीटर का जिसमें तरल पदार्थ जैसा केमिकल, क्वालिटी लीकर, दो प्लास्टीक का बोतल 750 एम एल का जिसमें तरल पदार्थ जैसा केमिकल,एक हरा रंग का स्प्राईट का बोतल 750 एम एल का जिसमें तरल पदार्थ जैसा केमिकल, जर्मनी कंपनी ओम्संस का एल्कोहल मीटर - 02 पीस,प्लास्टीक का बना लम्बा टीप 01 पीस,सिरिंज - 01 पीस, इंपीरियल ब्लू कंपनी का व्हिस्की का तीन बंडल स्टीकर,इंपीरियल ब्लू कंपनी का व्हिस्की का तीन बंडल स्टीकर जिसपर फॉर सेल इन पंजाब ऑनली लिखा हुआ, 43 पेज बार कोड का स्टीकर चिपका हुआ,प्लास्टीक का दो छोटा ट्युब में गोंद,सीग्राम क्वालिटी 375 एम एल का शराब का खाली बोतल, प्लास्टीक का छह बोरा में भरा हुआ,सफेद रंग के प्लास्टीक के तीन बोरा में आधा-आधा भरा हुआ शराब के बोतल का ढक्कन,35 लीटर का खाली प्लास्टिक का जार 25 पीस,प्लास्टीक का पानी जार 20 लीटर का कुल 14 पीस,400 लीटर का सीनतर हिमगिरि प्लास्टीक का सफेद रंग का टंकी 02 पीस,एक स्मार्ट फोन तथा एक हीरो ग्लैमर मोटरसाईकल बरामद किया गया है। एसडीपीओ श्री खंडेलवाल ने आगे बताया कि बरामद अंग्रेजी शराब का बाजार मूल्य लगभग 9 लाख रु है। उन्होंने शराब कारोबारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शराब के कारोबार को छोड़ दें,अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें।छापामारी दल मे पुअनि सह थाना प्रभारी कुमार गौतम,पुअनि सोनी खलखो,पुअनि सुनील कुमार सिंह,सअनि विद्यानंद शर्मा,सअनि रंजय कुमार सिंह एवं गिद्धौर थाना सशस्त्र बल के जवान एवं चौकिदार शामिल थे।

# अन्नपूर्णा महाप्रसाद मे 3000 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

### मंदिर में 7 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया दर्शन



संवाददाता

**श्री कृष्ण** प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में 211 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा महाप्रसाद पूनम मेवाड़ा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद में केसरिया खीर, पुड़ी आलू चना सब्जी, जीरा राइस चिप्स,आदि का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। सामूहिक रूप से महाआरती की गई?। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 7 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर-ट्रस्ट के डूंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया, शिव भगवान अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, प्रवीण मेवाड़ा, पूनम मेवाड़ा, अदिति मेवाड़ा, ग्रवित मेवाड़ा, अयांश मेवाड़ा, विष्णु सोनी, पवन कुमार पोद्दार, उर्मिला पाड़िया, मनीष सोनी, महेश वर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, हरीश कुमार,अशोक ठाकुर, आशीष कुमार, सूरज कुमार, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

### एक्वा वर्ल्ड में फादर्स डे पर डैडी-बच्चों ने मचाया धमाल

## बंटी को बेस्ट फादर का खिताब मिला जबकि दूसरे पर आदित्य और तीसरे नंबर पर ज्योति रहें



संवाददाता

**रांची :** एक्वा वर्ल्ड में आयोजित किया जा रहे समर कार्निवाल,2025 का आज अंतिम कार्यक्रम फादर्स डे स्पेशल का भव्य आयोजन हुआ। आज डैडी और बच्चों ने जमकर एक्वा वर्ल्ड में धमाल मचाया। बेस्ट फादर प्रतियोगिता हुई।पहले डैडी को अपने बच्चों के साथ रैंप वॉक करना था। फिर डांस करना था।फिर क्वेश्चन - आंसर राउंड था जिसमें पिताओं को बच्चों की पसंद - नापसंद आदि चीजों से संबंधित प्रश्न किए गए। बच्चों ने अपने पापा के साथ ' पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा' ,' पापा मेरे पापा' ,आदि गीतों पर जमकर डांस किया।

इसके पूर्व दीपांजलि ग्रुप के बच्चों के द्वारा फादर्स डे पर विशेष कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। बच्चों ने तेरी लाडली में उंगली पकड़ के चलना सिखाया तुमने आदि गीतों पर शो डांस प्रस्तुत किया। कलाकारों में कृतिका, अविआ साहू, अभिशा साहू, कृशिका बसु, अपूर्वा मुंडा, आदि थे। कार्यक्रम का संचालन धीरज कुमार ने किया। समर कार्निवल श्रृंखला के समापन के अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार, दीपांजलि के निदेशक विपुल नायक, कार्यक्रम संयोजक देवज्योति नाहा (डीजे सर), आनंद नायक, साहिल, आदि उपस्थित थे।

## श्री श्याम मन्दिर में रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची :** श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । श्री श्याम सेवा ट्रस्ट अपने स्थापना काल से ही मानव सेवा के पुनीत कार्य के प्रति प्रतिब्रध है । मानव सेवा की इस कार्य में श्री श्याम प्रभु की कृपा से श्री श्याम सेवा ट्रस्ट भविष्य में गति से योगदान करेगा । उपरोक्त रक्तदान सेवा शिविर का आयोजन सदर हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया गया । इस अवसर पर सदर हॉस्पिटल के चिकत्सों की पूरी टीम व पैरामेडिकल स्टाफ पूर्ण सेवा भाव से समर्पित थे । ट्रस्ट के ट्रस्टी गण व श्याम भक्त पूरी तन्मयता से सेवा कार्य में जुटे हुए थे। शिविर में कुल 58 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर रक्तदान के पश्चात सभी श्री श्याम प्रभु से प्रार्थना कर रहे थे कि उन्हें पुनः इस महादान की शक्ति प्रदान करें। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका , गौरव परसरामपुरिया , विवेक ढांढनिया, विकास पाडिया , राजेश सारस्वत, अभिषेक डालमिया , नितेश केजरीवाल, अमित जालान, मनोज सिंघानिया का सहयोग रहा।

## नामकुम में हुवांगहातु के बाद अब लाली के जंगल पहुंचा बाघ, तीन मवेशी को मारा

**रांची :** जंगल में बाघ के विचरण और लगातार हमले से नामकुम प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों के ग्रामीण बीते लगभग 2 माह से दहशत में हैं। सबसे पहले हुवांगहातु जंगल में बाघ दिखने का दावा किया गया था। वहां आसपास कई मवेशी पर हमला कर मार दिया गया था। कई मवेशी के शरीर पर गहरा पंजा मारने का निशान भी पाया गया था। इसे लेकर वन विभाग एवं पुलिस-प्रशासन की टीम भी जंगलों में बाघ को ढूंढने का प्रयास किए लेकिन कुछ हासिल



नहीं हो पाया।

डर से ग्रामीण सुर्य ढलते ही सभी अपने-अपने घरों में कैद हो जाते हैं। बच्चों को अकेले निकलने नहीं देते हैं यहां तक की स्कूल भी भेजना बंद कर दिए हैं। रविवार को हुवांगहातु से लगभग 10 किलोमीटर दूर लाली कुदागड़ा जंगल में तीन मवेशी मृत पाया गया। तीनों मवेशी के गर्दन और शरीर के कई हिस्सों पर पंजे का निशान दिख रहा है। लोगों का कहना है कि बाघ दो की संख्या में है तभी इतना उत्पात मचा रहा है। इस घटना के बाद फिर से एक बार ग्रामीण क्षेत्र में दहशत फैल चुका है।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित

# शहीदों के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने का निर्णय



- 18 दिसंबर विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि
- 25 जनवरी निर्मल महतो की जयंती
- एक जनवरी खरसावां गोलीकांड के शहीदों को नमन एवं 3 जनवरी 2025 , मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाने का निर्णय

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक डोरंडा स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अमर पुरोधाओं के अरमानों को मंजिल तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य लंबे संघर्ष और शहादत के बाद बना है 18 दिसंबर को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा है विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि, 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो की जयंती 1 जनवरी ,2025 को खरसावां गोलीकांड के शहीदों को नमन किया जाएगा एवं शहीद सोबरन अंसारी की जयंती तथा 3 जनवरी 2025 को झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के अगुवा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप से मनाया जाएगा। झारखंड आंदोलनकारी अपने अस्तित्व अपनी पहचान एवं अस्मिता को मिटने ना दें. झारखंड अलग राज्य समृद्धशाली खुशहाल बनाने के लिए हम लड़े थे अब हमें झारखंड को बचाने, सजाने व संवारने के लिए एक और लड़ाई लड़नी है. बैठक में दिवाकर साहू,कार्तिक महथा, रामचंद्र प्रसाद मनबोध महतो, प्रणव रंजन महतो, गोपाल महली, सुभाष चंद्र सिंह, मिहिर तिवारी, मो.फारूक आजम, मो.सफीउल्लाह, मो फईमुद्दीन अंसारी, मुस्लिम अंसारी, जितेंद्र कुमार प्रसाद सहित अन्य प्रमुख थे।

# ट्रैफिक पुलिस पर पत्थर से वार कर भागने वाला को पुलिस ने खोज निकाला



**बिनय मिश्रा**

कहते हैं अपराध करने वाला जितना भी चतुर और स्वयं को होशियार समझे किंतु पुलिस के नजरों से बचना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन है क्योंकि सीसीटीवी वर्तमान समय की ऐसी खोज है जिससे निगरानी रखी जाती है किंतु पुलिस प्रारंभ काल से ही तीसरी आंख मानी जाती है और अपराधियों को खोज निकालने में हमेशा उसने सफलता भी पाई है ।

कटहल मोड़ पर बेहतर विधि व्यवस्था और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मुस्तैद रहने वाले ट्रैफिक पुलिस पर कुछ युवकों ने मारपीट करने के साथ-साथ पत्थर से वार भी किया जो निश्चित तौर पर निंदनीय है लोगों की सुरक्षा में निरंतर खड़े होकर अपने कर्तव्य और दायित्व का निर्माण करने वाले पुलिस पर इस प्रकार के हमले की घटना पूरे रांची जिला में चर्चा का केंद्र बना हुआ था और पुलिस उन युवकों की तलाश में जुट गई और अंततः उन्हें ढूंढ निकाला।

इसी के फल स्वरुप कहा जा सकता है कि पुलिस के हाथों से बचना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है क्योंकि अपराधी अगर डाल-डाल है तो पुलिस पात पात है।

# अभाविप के चार दिवसीय प्रदेश अभ्यास वर्ग का समापन

**संवाददाता**

**चतरा :** स्थानीय इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर चतरा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का चार दिवसीय प्रदेश अभ्यास वर्ग का रविवार को समापन हो गया।वर्ग के अंतिम दिन में चार दिवसीय अभ्यास वर्ग की समापन में वर्ग के दौरान भाषण,सदस्यता,समारोप, व्यवस्था परिचय,नवीन घोषणाएं प्रदेश अध्यक्ष डॉ मौसमी पाल प्रदेश संगठन मंत्री निलेश कटारे जी ने सामूहिक रूप से किया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष मांडवी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल झारखंड के महानायक नहीं अपितु पूरे भारत के युवाओं के प्रेरणा स्रोत है जिस प्रकार से 25 की उम्र में उन्होंने जीवन की सार्थकता को अपनी क्रियाकलापों से सिद्ध किया है वह वाकई में हम सब विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का विषय है।उन्होंने जिस प्रकार से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जो जंग धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ा है वह उनका कार्य कुशलता का आधार है। 19 वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजों ने कुटिल नीति अपनाकर आदिवासियों को लगातार जल-जंगल-जमीन और उनके प्राकृतिक संसाधनों से बेदखल करने लगे। हालाँकि आदिवासी विद्रोह करते थें, लेकिन संख्या बल में कम होने एवं आधुनिक हथियारों की अनुपलब्धता के कारण उनके विद्रोह को कुछ ही दिनों में दबा दिया जाता था। यह सब देखकर बिरसा मुंडा विचलित हो गए, और अंततः 1895 में अंग्रेजों की लागू की गयी जमींदारी प्रथा और राजस्व-व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई के साथ-साथ जंगल-जमीन की लड़ाई छेड़ दी। यह मात्र विद्रोह नहीं था। यह आदिवासी अस्मिता, स्वायतत्ता और संस्कृति को बचाने के लिए संग्राम था। पिछले सभी विद्रोह से सीखते हुए,बिरसा मुंडा ने पहले सभी आदिवासियों को संगठित किया फिर छेड़ दिया अंग्रेजों के खिलाफ महाविद्रोह 'उलगुलान'। क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि सदस्यता विद्यार्थी परिषद का आधार है इस बार की सदस्यता हमारी चार फेस में होगी जो शिक्षक , +2 स्कूल,महाविद्यालय/विश्वविद्यालय,निजी विश्वविद्यालय सदस्यता से पूर्व कार्यशाला का जिला स्तरीय आयोजन सदस्यता के निमित्त विस्तारक की योजना,प्रचार प्रसार,रील क्रिएटिंग एवं विभिन्न प्रकार का प्रयोग किया जाएगा।




## हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी के चुटिया थाना क्षेत्र के पास से 24 मई को युवक का शव मिला था। मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। हत्या का खुलासा करते हुए डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया कि मृतक कि पहचान डोरंडा निवासी के शनि राम के रूप में हुई। वहीं, मृतक का अपराधिक इतिहास रहा है। शनि राम के हत्या के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिसमे संजय सिंह, बिनु लोहरा और राजा केरकेट्टा शामिल है। दरअसल, मृतक शनि राम ने 24 मई को एक बच्चे का टी शर्ट छीन लिया था। इस दौरान शनि राम और संजय सिंह में विवाद हो गया। विवाद के दौरान मृतक ने सनाज्य सिंह को मारकर घायल कर दिया था। जिसका बदला लेने के लिए सनाज्य सिंह ने अपने दोनों दोस्तों के साथ प्लान बनाया और रेलवे ओवेरब्रिज के नीचे शनि सिंह का इन्तेजार कर जैसे वह पहुंचा पत्थर से कूच कर उसकी हत्या कर दी।

## अंडर 18 बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

- खेल में छिपी है कैरियर की असीम संभावनाऐं : क्षेत्र रेल प्रबंधक
- राज्य के 22 जिलों के 639 खिलाड़ी ले रहें है हिस्सा

**संवाददाता**

**रांची :** बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन आरपीएफ बैरक खेल मैदान में दो दिवसीय प्रथम झारखंड राज्य अंडर 18 बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एआरएम द.पू. रेलवे बोकारो स्टील सिटी विनीत कुमार एवं विशिष्ट अतिथि आरपीएफ थाना प्रभारी संतोष कुमार, शिशु सदन विद्यालय के निदेशक प्रद्युमन कुमार पांडेय, झारखंड ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष बिपिन कुमार सिंह एवं कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया ' प्रतियोगिता में राज्य के 22 जिलों के 639 बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं ' मुख्य अतिथि एआरएम विनीत कुमार ने कहा कि खेल में कैरियर की असीम संभावनाएं छिपी हुई है, बस लक्ष्य लेकर खेलने की जरूरत है ' आज बहुत सारे प्रोफेशनल लीग होने के कारण भारत का स्वदेशी खेल कबड्डी को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है ' रेलवे परिसर में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता होने से यहां के बच्चों में भी कबड्डी के प्रति रुचि बढ़ेगी 'इससे पूर्व गत दिनों पहले अहमदाबाद में हुई भीषण हवाई जहाज दुर्घटना में हुई मानव क्षति एवं झारखण्ड के पूर्व राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी नीलमणि पासवान की असामयिक निधन पर दो मिनट का मौन रख कर उन सबों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई ' मौके पर मुकेश कुमार सिंह, तेजनारायण प्रसाद माधव, जगदीश कुमार, आलोक कुमार, सीताराम, प्रकाशित मिंज, आशा कुमारी, हैदर हुसैन, कृष्णा यादव, संजू कुमार, विक्की कुमार, रेशम तारा, परमेश्वर महतो, अजय कुमार, सूरज कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### 21 वी झारखण्ड राज्य जूनियर वुशु प्रतियोगिता सम्पन्न

# रांची 9 गोल्ड, 10 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज लेकर 88 पॉइंट के साथ ओवर ऑल चैंपियन




**संवाददाता**

**सिल्ली :** 21 वी झारखण्ड राज्य जूनियर वुशु प्रतियोगिता आज यहाँ सिल्ली के द विलेज रिसोर्ट में सम्पन्न हो गयी . रांची 9 गोल्ड, 10 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज लेकर 88 पॉइंट के साथ ओवर ऑल चैंपियन, जबकि 45 पॉइंट के 8 गोल्ड,1 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज के साथ चतरा दूसरे स्थान पर और गोल्ड, 3 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज लेकर 26 पॉइंट के साथ रामगढ तीसरे स्थान पर रही । आज इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि रातू ब्लॉक के सी ओ श्री रवि कुमार और विशिष्ट अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना कुमारी, सुनील सिंह सूर्यांत थे

मुख्य अतिथि रवि कुमार ने अपने उदगार व्यक्त करते हुये झारखण्ड में इस खेल और खिलाड़ियों के बेहतरीन भविष्य की कामना की.

इस अवसर प? अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उदय साहू, शिशिर महतो, प्रकाश राम, शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, रजि अहमद, वाहिद अली, गोकुलानंद मिश्रा अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, सुशील कच्छप, दीपक गोप, सुशांति तोपनो आदि मौजूद थे।

आज आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर प? अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किया गया.

प्रतियोगिता के सफल संचालन में सिल्ली वुशु अकादमी के एस वाहिद अली और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

**आज हुई इस प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी निम्न रहें :-**

**गोल्ड मेडल***

अमन अंसारी अमन कुमार ध्रुव द्विवेदी आरिफ हुसैन देव कुमार बेड़िया गिरीश कुमार गौरव ज्ञान राजकुमार आयुष कुमार अमन कुमार सोमू कुमारी विकास महतो नायर्सन अहमद अनिशा कुमारी आरोही सिंह अंजू कुमारी श्रेया कुमारी अर्पिता सिंह, संतोषी कुमारी,

कशिश राज सुमन कुमारी खुशी कुमारी राखी कुमारी शिखा कुमारी मन्नत आंचल कुमारी।

**सिल्वर मेडल**

फूल कुमारी, रानी कुमारी, रोशनी टोप्पो, दीपिका कुमारी, रितिका कुमारी, कृषि कुमारी, किशु देव, सौरभ कुमार, अमन कश्यप, कौशिक राज, यश कुमार, सुंदरम तिग्गा, राहुल रंजन, रिशु सिंह, दक्ष समाज, हर्ष कुमार, कुमारी कोमोला कुमारी तूलिका टोप्पो आरसी मरब काजल कुमारी प्रदीप महतो ।

**ब्रोंज मेडल**

साहिल कश्यप सचिन गोरी, पवन मुंडा, रवि करण, गिरी विकास कुमार, रिकी कश्यप, धनराज कुमार, रणबीर कुमार, यादव प्रिंस, गोंड क्रिश्चियन, अमित सांगा, अर्जुन गंजू ,आयुष कुमार, लाल अनमोल, पप्पू कुमार महतो, प्राची महतो, राखी कुमारी, पीहू महतो, डोली कुमारी, आराधना रानी, अनुपम कुमारी, सनेह हर्ष, जिया, प्रिया कुमारी, प्रीति कुमारी ,रिया यादव, भूमि कुमारी,सुकन्या कुमारी, अनुपम कुमारी, किरण कुमारी।

## संजय सिंह यादव एक बार फिर बने झारखंड राजद के प्रदेश अध्यक्ष

**रांची :** झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में विधायक संजय सिंह यादव एक बार फिर निर्विरोध चुने गए हैं। 14 जून को अध्यक्ष पद के लिए तीन नेताओं—संजय सिंह यादव, अभय सिंह और सदाकत हुसैन अंसारी—ने नामांकन दाखिल किया था। लेकिन सोमवार को हुई स्क्रूटनी के बाद केवल संजय सिंह यादव का नामांकन वैध पाया गया। राज्य के मुख्य निवार्ची पदाधिकारी गिरधारी गोप ने अभय सिंह और सदाकत हुसैन अंसारी के नामांकन पत्रों में त्रुटि बताते हुए उन्हें खारिज कर दिया। इसके साथ ही संजय सिंह यादव को राजद के आगामी संगठनात्मक कार्यकाल (2025-28) के लिए प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। जारी आधिकारिक पत्र के मुताबिक, एकमात्र वैध उम्मीदवार होने के कारण उनका निर्वाचन निर्विरोध हुआ। हालांकि, स्क्रूटनी के दौरान विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई। पार्टी कार्यालय से बाहर निकलते हुए अभय सिंह ने आरोप लगाया कि नामांकन में प्रस्तावक के तौर पर राज्य परिषद सदस्य की अनिवार्यता का नियम मनमाने ढंग से लागू किया गया। उन्होंने इसे ह्लएकतरफा कार्रवाईह्व बताया और विरोध जताया। उनके समर्थक अजीत कुमार मुकुल के साथ मिलकर उन्होंने जोरदार आपत्ति दर्ज कराई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया और कार्यालय में पुलिस की तैनाती करनी पड़ी। दूसरे अपदस्थ उम्मीदवार सदाकत हुसैन अंसारी ने भी नामांकन खारिज होने को अनुचित ठहराया और मामले को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के सामने उठाने की बात कही है।

## खेलगांव के मॉर्निंग वॉकर्स ने लिया 21 जून को योग करने का संकल्प

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत रविवार को खेलगांव स्थित मॉर्निंग वॉकर ग्रुप्स द्वारा एक विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी एवं डीडी न्यूज, रांची के समाचार संपादक गौरव कुमार पुष्कर के समन्वय में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रातःकालीन वॉकर्स, स्थानीय नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योगाचार्य के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार और ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर लोगों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के योग को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना भी की। मौके पर लोगों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का एक समग्र विज्ञान है जो तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह भी किया। मौके पर योग की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभी लोगों ने अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के साथ-साथ अपने परिवार जनों और मित्रों को भी योग करवाने की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में के दौरान योगाभ्यास करने की प्रतिबद्धता जताई। यह आयोजन जन-जागरूकता के साथ ही स्वास्थ्य और मानसिक शांति को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा। जिसमें लोगों ने बस चढ़कर सहभागिता की।

# विशेष ग्रामसभा में सड़क निर्माण पर हुई चर्चा

**नामकुम :** विशेष ग्राम सभा ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह बिनझिया कि अध्यक्षता में हरदाग पंचायत स्थित टांगरटोली बस्ती मे हुआ। बैठक में हरदाग पंचायत मुखिया नीलमणि तिर्की एवं आदिवासी छात्र संघ नामकुम प्रखंड अध्यक्ष निशांत तिर्की भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान गांव में कोई भी सड़क नहीं है, इस पर सभा में चर्चा हुई। वहीं निर्णय लिया गया कि परसाटोली से टांगरटोली बस्ती के पानी टंकी से लेकर जीतवहां सिंह बिनझिया के घर तक 3 किलोमीटर तक सड़क व पानी टंकी से लेकर सरकारी स्कूल तक सड़क निर्माण कराया जाए। मौके पर मुखिया ने कहा कि खिजरी विधायक राजेश कच्छप इस मामले को अपने संज्ञान में नहीं ले रहे हैं।

मौक पर आदिवासी छात्र संघ नामकुम प्रखंड अध्यक्ष निशांत तिर्की, उपाध्यक्ष अनिकेत तिर्की, सचिव बिपिन मुंडा, कोषाध्यक्ष अजय गाड़ी, उपकोषाध्यक्ष सुशील तिर्की, मीडिया प्रभारी जिनिंद खलखो, सलाहकार कार्लोस बिहा , विष्णु कुमार आदि उपस्थित थे।

## संजय सेठ ने योजनाओं का शिलान्यास किया कहा ,रांची की विकास पहली प्राथमिकता

**रांची :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को 47 लाख की लागत से रांची शहर में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। वार्ड 47 नामकुम में संस्कार नगर में 17 लाख की लागत से पीसीसी पद जोरदार नामकुम साइप्रस इंटरनेशनल स्कूल की गली पीसीसी पद का शिलान्यास 17 लाख महादेव मंडा चुटिया में 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन भगवान बिरसा मुंडा पुरानी जेल में 15 लाख की लागत से आदिवासी सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा रांची की विकास पहली प्राथमिकता है। प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। इसके लिए हम सभी तत्पर हैं। मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पद्मश्री मुकुंद नायक, मदन केसरी, अनीता वर्मा, रवि मुंडा, राज कुमार महतो, नवीन सोनी, पिंटू सिंह, प्रमोद सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## यूपीएससी का आरटी की परीक्षा कदाचार मुक्त हुआ

**रांची :** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल,रांची के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने डी ब्रीफिंग के दौरान कहा कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरटी - ''' की परीक्षा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के एक दिन पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति तक सभी ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन बखूबी निभाया है। सभी के कार्यो की जितनी भी सराहना की जाए कम होगी। विशेष करके परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, बरियातु की। डीब्रीफिंग के दौरान परीक्षा केंद्र पर्यवेक्षक द्वारा आयुक्त को अवगत कराया गया कि उक्त परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड में ब्लैक वॉल पेन का ही प्रयोग करने हेतु स्पष्ट रूप से निर्देश प्राप्त होने के बावजूद लगभग 100 से अधिक परिक्षर्थियों द्वारा ब्लैक पेन नहीं लाया गया था। उनकी भविष्य की चिंता करते हुए केंद्र द्वारा तुरंत सभी परीक्षार्थियों को ब्लैक वॉल पेन उपलब्ध कराया गया। ब्रीफिंग में आयुक्त के सचिव अलोक कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सोनाहातू, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, मांडर एवं अन्य उपस्थित थे।

## राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

**रांची :** झारखंड में 15 जून यानी रविवार से मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम केंद्र ने राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 20 जून तक राज्य के कई हिस्सों में मेघ गर्जन, तेज हवा के झोंके के साथ अच्छी बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र ने 17 और 18 जून को राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश की प्रबल संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राँची मौसम केंद्र के मुताबिक, दक्षिण बांग्लादेश और उत्तरी बंगाल की खाड़ी से दक्षिण ओडिशा तक समुद्र तल से करीब 3.1 किमी ऊपर स्थित चक्रवाती सकुर्लेशन और पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी से उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश तक समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर बने एक चक्रवाती परिसंचरण साइक्लोनिक सकुर्लेशन के प्रभाव से राज्य में 15 जून से मौसम बदल रहा है।

### मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब टीम रेड को

# रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम येलो को हराया

**खेल के मैदान में कलमकारों को खेलते देखना एक सुखद अनुभव : मंत्री**

**संवाददाता**

**रांची :** रांची यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में वॉलीबाल मीडिया कप का आयोजन रांची प्रेस क्लब के द्वारा किया गया है। मीडिया कप वॉलीबॉल के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में मीडिया पार्टनर प्रशांत उनिकृष्णन, संदीप उनिकृष्णन, रांची विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कन्वेनर राजेश गुप्ता, इंटरनेशनल रेफरी राजेश सिंह, इंडियन वालीबाल एसोसिएशन के कार्यसमिति सदस्य उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार, वासुदेब चटर्जी फाउंडेशन के राजीव चटर्जी, रांची जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के सचिव संजय ठाकुर, खेलो इंडिया के टेक्नीकल हेड उपेंद्र गुप्ता ने फाइनल मैच सह समापन समारोह का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

मंत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। इस मौके पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि खेल के मैदान में कलमकारों को खेलते देखना एक सुखद अनुभव है। उन्होंने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी।

दूसरे दिन भी सभी मैन ऑफ द मैच प्लेयर्स को डीआईजी चन्दन सिन्हा की घोषणा के अनुरूप 5-5 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

टूनार्मेंट में दूसरे दिन तीन मुकाबले खेले गए पहले मुकाबले में टीम रेड ने टीम येलो को 18-25, 25-5, 15-4 से हराया। वहीं रोमांचक फाइनल मुकाबले में टीम रेड ने टीम येलो को 14-25, 25-18, 15-9 से हरा मीडिया कप वॉलीबाल टूनार्मेंट में पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले लगातार तीन वर्षों से टीम येलो ही चैंपियन थी।

मैन ऑफ द मैच और टूनार्मेंट ऑफ द प्लेयर का पुरस्कार टीम रेड के प्रमोद सिंह को दिया गया। वहीं टूनार्मेंट में बेस्ट स्मैशर के रूप में आरजे अरविंद, बेस्ट सप्लायर के रूप में पंकज सिंह, बेस्ट सर्विसर के रूप में अभिषेक सिन्हा, बेस्ट लिफ्टर के रूप में राजेश सिंह, बेस्ट डिफेंडर के रूप में मोनू कुमार को पुरस्कार दिया गया। टूनार्मेंट में रेफरी की भूमिका संजय ठाकुर और उनकी टीम ने बखूबी निभाई। टूनार्मेंट में भाग लेने वाले सभी 74 खिलाड़ियों को भी रांची प्रेस क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह और गिफ्ट दे कर सम्मानित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन ने किया।

टूनार्मेंट के दूसरे दिन भी प्रतियोगिता को सफल बनाने में रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, सचिव अमरकांत, संयुक्त सचिव, रतनलाल, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी के सदस्य सह स्पोर्ट्स कन्वेनर मोनू, आलोक सिन्हा, संजय सुमन, आरजे अरविंद, चन्दन भट्टाचार्य, सौरभ शुक्ला, विजय मिश्रा, राजू प्रसाद और अंजनी कुमार, शशि पांडेय, शशि भूषण प्रसाद, राजेश तिवारी ने अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

## आरटीआई कानून के 20 वर्ष पूरे होने पर वर्कशॉप

**रांची :** आरटीआई कानून के अधिनियमन के 20 वर्ष पूर्ण होने पर रांची प्रेस क्लब में संयोजक विनोद जैन बेगवानी और रेणुका तिवारी की संयोजकता में आरटीआई वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भूतपूर्व सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी ने भाग लिया। वहीं विख्यात आरटीआई एक्टिविस्ट एवं रिसोर्स पर्सन दीपेश निराला ने झारखंड के विभिन्न जिलों से आए आरटीआई एक्टिविस्टों सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 और इसके अंतर्गत बने नियमावली से अवगत कराया। साथ ही बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 एक एविडेंस कलेक्शन टूल के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। इसके तहत सर्टिफाइड कॉपी प्राप्त कर उस सूचना का प्रयोग कई प्राधिकारों के सामने किया जा रहा है। उन्होंने कहा क झारखंड में 8 मई 2020 के बाद कोई भी सूचना आयुक्त कार्यरत नहीं है, क्योंकि इनकी नियुक्ति नहीं हुई है। मुख्य अतिथि हिमांशु शेखर चौधरी ने कहा कि सूचना अधिकार को जानने से पहले अधिकार को जानना होगा कि कैसे भारत ने आजादी पाई और उस संघर्ष और धैर्य को भी पहचाने की जरूरत है। आरटीआई के उपयोग और दुरुपयोग में भी चिंता करने की जरूरत है, क्योंकि सूचना आयोग में कार्यरत रहने के दौरान हमने देखा कि अधिकतर सूचना आवेदन व्यक्तिगत मामले से रिलेटेड रहते हैं और सामाजिक सरोकारों से रिलेटेड मामले बहुत ही कम रहते हैं, जरूरत है इस कानून को एक आंदोलन का शक्ल देने की और राज्य के युवाओं को आरटीआई में प्रशिक्षित करने की, ताकि यह आंदोलन घर-घर तक पहुंचे। उक्त वर्कशॉप में सहसंयोजक हरीश नागपाल, राजकुमार, उमा शंकर सिंह, संतोष मृदुला, स्वरूप कुमार सेठी, शाहिद आलम, सुशील शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## होटवार में जेल अदालत का आयोजन

**रांची :** झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मनीष कुमार सिंह, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा, कारापाल, काराकर्मी, अधिवक्ता, न्यायालयकर्मी, पीएलवी तथा बंदीगण उपस्थित थे। विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मेंडा केंद्रीय कारा होटवार में संसीमित 05 बंदियों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया था।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## गर्मी से मुकाबला

ऐसे वक्त में जब भारत के अनेक हिस्सों में तेज गर्मी से पारा उछल रहा है, तपिश से बचने के लिये बिजली की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि स्वाभाविक बात है। आम आदमी से लेकर खास आदमी तक गर्मी की तपिश से बचने के लिये कूलर से लेकर एसी तक का भरपूर इस्तेमाल करता है। हाल के दिनों में घरों, कार्यालयों, होटलों व मॉल तक में एसी का उपयोग बेतहाशा बढ़ा है। जिसके चलते गर्मियों के पीक सीजन में बिजली की खपत चरम पर पहुंच जाती है। ऐसे वक्त में केंद्र सरकार ने एयर कंडीशनर यानी एसी की पहचान बिजली की बढ़ती खपत के लिये जिम्मेदार खलनायक के रूप में की है। केंद्र सरकार योजना बना रही है कि घरों,होटलों व कार्यालयों में बीस डिग्री से अट्ठाइस डिग्री सेल्सियस के बीच इस्तेमाल होने वाले इस उपकरण की कूलिंग रेंज को मानकीकृत किया जाए। नए दिशा-निर्देश लागू होने के बाद एसी निमार्ताओं को बीस डिग्री से कम तापमान पर कूलिंग प्रदान करने वाले एसी बनाने से रोक दिया जाएगा। केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर के अनुसार केंद्र सरकार की यह पहल बिजली बचाने और भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के प्रयासों का हिस्सा है। इस बात में दो राय नहीं कि गर्मियों की तपिश से बचने के लिये लोग अपने एसी को बहुत कम तापमान पर चलाते हैं। इस प्रवृत्ति का बिजली ग्रिड पर दबाव बहुत अधिक बढ़ जाता है। निश्चित रूप से इसके चलते बिजली कटौती की संभावना भी बहुत अधिक बढ़ जाती है। लेकिन इस संकट का अकेला मुख्य समाधान एसी को बेहद कम तापमान पर चलाया जाना ही नहीं है। इसके अलावा अन्य कारक भी हैं। यह भी एक हकीकत है कि सरकारी व निजी कार्यालयों में एसी का उपयोग काफी लंबे समय तक अंधाधुंध ढंग से किया जाता है। यहां इसके उपयोग में किफायत बरतने की दिशा में भी कदम उठाने की जरूरत है।

निस्संदेह, ऊर्जा मंत्रालय का ऊर्जा नियामक ब्यूरो, बिजली खपत कम करने वाले उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देता है। लेकिन जब गर्मी रिकॉर्ड तोड़ती बढ़ रही है तो तापमान बढ़ने पर बिजली की खपत अनिवार्य रूप से बढ़ने लगती है। लेकिन इसका एकमात्र कारण एसी का बढ़ता उपयोग ही नहीं है। हमें खुद से सवाल पूछने की जरूरत है कि हमारे शहर इतने गर्म क्यों हो रहे हैं? हम इस बढ़ते तापमान से नागरिकों को राहत क्यों नहीं दे पा रहे हैं। अंधाधुंध-अवैज्ञानिक तरीके से हो रहे निर्माण कार्य भी इसमें कम दोषी नहीं हैं। हमने चारों तरफ कंक्रीट के जंगल तो बना दिए लेकिन शहरों में हरियाली का दायरा लगातार सिमटता जा रहा है। जिससे हवा का प्राकृतिक प्रवाह भी बाधित हो रहा है। विकास के नाम पर जो सैकड़ों वर्ष पुराने पेड़ काटे जाते हैं, उसकी क्षतिपूर्ति नये पेड़ लगाकर नहीं की जाती है। हम घरों को प्राकृतिक रूप से ठंडा बनाये रखने वाली भवन निर्माण तकनीक नहीं अपना रहे हैं। यदि उष्मारोधी भवन निर्माण सामग्री को बढ़ावा दिया जाए तो लोगों को कम बिजली खपत से भी राहत मिल सकती है। हमारी जीवनशैली बिजली की खपत को लगातार बढ़ा रही है। यदि हमारे देश में सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ावा दिया जाए तो सड़कों पर निजी वाहनों का उपयोग कम होने से वाहनों के गर्मी बढ़ाने वाले उत्सर्जन को कम किया जा सकता है। हमें भवन निर्माण में छतों को ठंडा रखने वाली तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसी सामग्री या सिस्टम का उपयोग किया जाना चाहिए जो पारंपरिक छत की तुलना में ताप बढ़ाने वाली सूरज की रोशनी को परावर्तित कर सके। इन उपायों से हम ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को भी कम करने का प्रयास कर सकते हैं। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ाकर और पारंपरिक जल निकायों को पुनर्जीवित करके हम तापमान को कम करने का प्रयास भी कर सकते हैं। सरकार और समाज की साझा जिम्मेदारी एक बड़े बदलाव की वाहक बन सकती है। स्थानीय निकाय, निजी क्षेत्र की संस्थाएं व गैर सरकारी संगठन निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

## हृदय विदारक हादसा

गुजरात स्थित अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास एयर इंडिया के विमान की भयावह दुर्घटना ने पूरे देश को दुख और गम में डुबो दिया। हाल के वर्षों में हुई यह बड़ी दुखद दुर्घटना हवाई यात्रा से जुड़े जोखिमों पर नये सिरे से गंभीर मंथन की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से यह हादसा नागरिक उड्डयन के लिये भी एक बड़ा झटका है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में शामिल है। आज भारत दुनिया के अग्रणी विमानन बाजारों में शुमार है। विडंबना यह है कि अभी दो महीने पहले ही नई दिल्ली में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो यानी एएआईबी में अत्याधुनिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया था। करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से बनी इस प्रयोगशाला को केंद्र सरकार ने विमानन सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया था। जिसका मकसद हवाई दुर्घटनाओं की पहचान करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। ताकि सुरक्षा उपायों को लेकर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये तंत्र में सुधार किया जा सके। अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को गुरुवार को बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच का काम सौंपा गया है। एएआईबी के पास अब यह पता लगाने की जिम्मेदारी होगी कि गुरुवार को हुई दुर्घटना के असल कारण क्या थे। बल्कि निकट भविष्य में हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए भी सुझाव दिए जा सकेंगे। इसके अंतर्गत ब्यूरो बोइंग के सुरक्षा रिकॉर्ड और परिचालन निरीक्षण की भी गहराई से जांच करेगा। निश्चित रूप से परिचालन प्रक्रिया कड़ी जांच के दायरे में होगी। उल्लेखनीय है कि तकनीकी खामियों के चलते बोइंग के कई अन्य 787 ड्रीमलाइनरों की सुरक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। हाल के वर्षों में कई व्हिसल ब्लोअर्स ने 787 ड्रीमलाइनर के सुरक्षा उपायों को लेकर गंभीर चिंताए जताई थीं। जिसके बाद यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफएए ने ड्रीमलाइनर विमान के उत्पादन और असेंबली प्रक्रियाओं की गहन जांच की थी। उल्लेखनीय है कि बोइंग की सुविधाओं के एफएए द्वारा ऑडिट करने पर निर्माण की प्रक्रिया में अनियमितताओं और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में खामियों का पता चला था। बल्कि व्हिसल ब्लोअर्स ने तो यहां तक भी आरोप लगाए थे कि बोइंग की कार्यप्रणाली में खामियों को उजागर करने के लिए उन्हें बदले की कार्रवाई का सामना भी करना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिक एयरवेज के सीईओ ब्रायन बेडफोर्ड, जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा एफएए का प्रमुख नियुक्त किया गया है, ने बुधवार को कहा था कि वर्ष 2018 और 2019 में दो बोइंग 737 मैक्स दुर्घटनाओं से जुड़ी एक प्रमुख सुरक्षा प्रणाली की विफलता के बारे में कुछ वास्तविक व गंभीर सबक सीखे गए हैं, जिसमें 346 लोगों की मृत्यु हो गई थी। निश्चित रूप से अहमदाबाद विमान हादसे के बाद भारतीय अधिकारियों को अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ गंभीर विमर्श करना चाहिए। उससे मिले इनपुट गुजरात दुर्घटना की गहन जांच करने में सहायक साबित हो सकते हैं। बहरहाल, अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के हादसे ने सैकड़ों परिवारों को गहरे जख्म दे दिए हैं। हादसे में दो सौ से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, वहीं एक व्यक्ति के जीवित बचने को कुदरत का करिश्मा माना जा रहा है। दूसरी ओर रिहाइशी इलाके में विमान के गिरने से हुई क्षति भी दुखद है। पुलिस द्वारा चालीस लोगों के अस्पताल में उपचाराधीन होने की बात भी कही जा रही है। कहना कठिन है कि यह कैसी स्थिति है कि एक मेडिकल कालेज के पास हुई इस दुर्घटना में घायलों को तुरंत उपचार देना संभव हो पाया है। उल्लेखनीय है कि विमान मेडिकल कालेज के छात्रों के मैस पर गिरा। उस समय छात्र लंच कर रहे थे। जिसमें कई छात्र भी घायल हुए हैं। जिनमें कई की हालत गंभीर है। निश्चय ही यह विमान हादसा हवाई यात्राओं से जुड़ी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत को बताता है। हवाई हादसे के कारणों की हकीकत जांच के बाद सामने आएगी लेकिन यदि हवाई यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक हुई है, तो उसकी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

# खेत-किसानः गैरसरकारी संगठनों को भी निभानी होगी बड़ी भूमिका

> जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देश की खुशहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

केन्द्र सरकार द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से जिस तरह से देश के कोने-कोने में किसानों तक पहुंचने का प्रयास किया गया है और जिस तरह से खेती और उससे जुड़ी किसानों से संबंधित जानकारी को साझा किया गया है यह इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि अन्नदाता की खुशहाली में ही देश की खुशहाली संभव है। सरकार के साथ ही खेती किसानी क्षेत्र में जुड़े गैरसरकारी संगठन भी आगे आते हैं तो अन्नदाता की खुशहाली की और अधिक तेजी से राह प्रशस्त होगी। हालांकि मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठन नवाचारी किसानों के नवाचारों को पहचान दिलाने और किसानों के हित में लगातार प्रयासरत है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावों के समय सभी राजनीतिक दलों के केन्द्र में किसान ही रहता है और किसानों के लिए लोकलुभावन वादों की बरसात कर दी जाती है पर कभी इस बात को गंभीरता से नहीं समझा गया कि किसान का भला कर्ज माफी से नहीं हो सकता। किसान का भला चंद मिनी किट वितरण से नहीं हो सकता। दरअसल, अन्नदाता और खेती किसानी का भला किसान के खेत को ही प्रयोगशाला बनाने से संभव होगा तो किसानों को उनकी मेहनत का पूरा पैसा दिलाने से संभव होगा। कैसी विडम्बना है कि छोटी से छोटी वस्तु का उत्पादन कर्ता अपनी वस्तु को बेचने का दाम खुद तय करता है वहीं दूसरी और अन्नदाता जो अपने खून पसीने से सबका पेट ही नहीं भरता बल्कि इससे भी अधिक यह कि देश की अर्थ व्यवस्था को गति देने का प्रमुख कारक भी है। इस सबके बावजूद किसान को अपनी उपज औने-औने भावों में बेचने को मजबूर होना पड़ता है। उसकी मेहनत का फल बिचौलियों को चला जाता है। टमाटर इसका सबसे बड़ा उदाहरण माना जा सकता है जो कभी अन्नदाता को रुलाता है तो कभी आमजन को पर कभी भी किसी मण्डी के आढ़तिये को रुलाते नहीं देखा होगा। यहां तक देखने को मिलता है कि अन्नदाता को लागत तो दूर मण्डी में ले जाने तक के खर्च की राषि भी नहीं मिल पाती है। टमाटर तो एक उदाहरण मात्र है। इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले 11 साल में किसानों के हित में बड़े और लाभकारी निर्णय किये गये हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि या फसल बीमा जैसी योजनाएं और फसल की बुवाई से पहले ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा निश्चित रुप से सराहनीय पहल है। हालिया 15 दिन का विकसित कृषि संकल्प अभियान को भी निश्चित रुप से सराहनीय पहल माना जा सकता है। इस सबके बीच सवाल यह भी उठता है कि देश में बहुत से प्रगतिशील और अपने बल बूते पर खेती के क्षेत्र में नवाचारों को फलीभूत कर रहे हैं उनको प्रोत्साहित करने के प्रयास भी होने चाहिए। हालांकि कृषि पत्रकार और मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के माध्यम से लगातार ऐसे कर्मयोगी किसानों को आगे लाने, प्रोत्साहित करने और उनके प्रयोग को अन्य किसानों के सामने के समग्र प्रयास डॉ. महेन्द्र मधुप जैसे कर्मयोगी द्वारा लगातार किये जा रहे हैं। डॉ. मधुप 2017 से इस मॉडल को किसान वैज्ञानिकों की जीवनशैली में उतारकर, देश-विदेश में उनकी पहचान को विस्तारित करने में जुटे हैं, इसे सकारात्मक पहल माना जा सकता है। देश का मीडिया भी इसे लेकर गंभीर है और यही कारण है कि प्रमुख मीडिया ग्रुप किसानों से संबंधित जानकारियों का समावेश करते हुए नियतकालीन परिषिष्ठ प्रकाशित कर रहे हैं। डॉ. मधुप जैसे ही खेती किसानी के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी को भी आगे आना चाहिए और जो तथाकथित किसान हितैषी बने हुए हैं उन्हें भी ऐसे कर्मयोगी किसानों के नवाचारों को प्रमुखता देनी चाहिए। कोरोना काल का उदाहरण हमारे सामने हैं। जब समूचे विश्व में सब कुछ बंद हो गया तो सबसे बड़ा सहारा कृषि क्षेत्र ही बनकर आया। किसानों की मेहनत से भरे अन्न धन इस संकट के समय में बड़ा सहारा बने। सरकारें अपने नागरिकों को आसानी से खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकी। आज भी देश दुनिया में खाद्य संकट से जूझने में अन्नदाता की मेहनत ही काम आ रही है। कर्जमाफी की यहां इसलिए चर्चा करना जरुरी हो जाता है कि कर्जमाफी की राशि जितनी राशि के कृषि इनपुट यानी कि खाद-बीज कीटनाशक किसानों को उपलब्ध करा दी जाए तो इस राशि का वास्तव में खेती किसानी क्षेत्र में उत्पादकता के रुप में उपयोग हो सकेगा। कर्ज माफी को इस तरह से समझना होगा कि किसान भी यह समझने लगा है कि चुनाव आने पर कर्ज तो माफ होना ही है ऐसे में कर्ज चुकाना ही क्यों। दूसरा यह कि सरकार की कर्ज माफी का बोझ तो उठाना ही पड़ता है पर फिर भी वह ना तो किसानों को ही संतुष्ट कर पाती है और ना ही यह राशि किसानों के काम आ पाती है। ऐसे में सरकार को ब्याज अनुदान या इस तरह के अनुदान पर होने वाले व्यय को किसानों को इनुपट के रुप में उपलब्ध कराने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इससे एक तो इनपुट खेती में ही काम आयेगा और इनपुट की गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया तो खेती किसानी में उत्पादकता बढ़ेगी और इसका लाभ देश को ही प्राप्त होगा। देश में अन्नधन के भण्डार भरेंगे। आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। सरकार के 15 दिवसीय संवाद को अच्छी पहल माना जा सकता है और इस तरह के अभियान खरीफ और रबी दोनों ही फसलों की बुवाई से पहले चलाया जाएं तो निश्चित रुप से देश को लाभ होगा। इसके साथ ही इस तरह के अभियान के दौरान खेती क्षेत्र की अनुदान राशि के एक बड़े हिस्से को इनपुट वितरण के रुप में उपयोग होगा तो यह किसानों के लिए वास्तविक लाभकारी होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे संगठनों को भी इससे जोड़ा जाना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र के नवाचारी किसानों को प्रोत्साहित, सम्मानित और उनके अनुभवों को साझा करने के समन्वित प्रयास किये जाने चाहिए। यहां तक कि कृषक भ्रमण कार्यक्रमों में स्थानीय नवाचारी किसानों के खेत को

# साहित्य ज्ञानमार्गी दुख की औषधि

> ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। दि प्रॉफेट नाम की उनकी किताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं, कोई पद नहीं लेते।

**हृदयनारायण दीक्षित**

दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है। खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। ह्लदि प्रॉफेटह्ल नाम की उनकी किताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं, कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है। डॉ. बी० आर० आम्बेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी ह्लहरिजनह्ल और ह्लयंग इण्डियाह्ल में नियमित लिखते थे। डा. आम्बेडकर का अपना अखबार ह्लमूकनायकह्ल था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया ह्लमैनकाइंडह्ल में लिखते थे। उनकी लिखी ह्लभारत माताह्ल, ह्लधरती माताह्ल, ह्लइकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्सह्ल और ह्लइतिहास चक्रह्ल जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय ऑर्गनाइजर में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे। असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का मन है।

लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति के महान दार्थनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था।

डॉक्टर जयराम मिश्र ने आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शनह्ल (पृष्ठ 216) में लिखा है, ह्लआदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ।ह्ल आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, ह्लशंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं। प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है। वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल ह्लतत्वज्ञानह्ल से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है। साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहाँ विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहाँ बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है।

जीवन जगत रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूँ। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूँ जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत अध्ययन का विकल्प नहीं है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्सकी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्सकी की मानसिक बौद्धिक उथल पुथल का सहज अनुमान संभव है। कुछ आधारभूत प्रश्न हैं। सबके चित्त में उगते हैं। जैसे विराट अस्तित्व किसकी रचना है? क्या स्वयंभू है? सदा से है? क्या इसका कोई सर्जक है? ऋग्वेद के एक ऋषि की जिज्ञासा है कि हम ऐसे किस देव की उपासना करें-कस्मे देवाय हविषा विधेम? ईश्वर इसी जिज्ञासा का विषय है। भौतिकवादी मित्र कहेंगे कि यह प्रत्यक्ष जगत से परे मेटाफिजिकल अधिभौतिक चर्चा है। आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? कः पंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, ह्लवेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनो येन गता स पंथः।ह्ल शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, ह्लब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।ह्ल उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग के दुख से छुटकारे का रसायन है।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# राजस संक्रांति पर्व है महिलाओं के सम्मान का प्रतीक

राजस संक्रांति है, इसे राजा संक्रांति भी कहा जाता है। यह ओडिशा का एक पारंपरिक त्योहार है जो मुख्य रूप से लड़कियों और महिलाओं से जुड़ा है। यह तीन दिनों तक मनाया जाता है, और इस दौरान प्रकृति, धरती माता और नारी शक्ति का सम्मान किया जाता है तो आइए हम आपको राजस संक्रांति व्रत का महत्व एवं पूजा विधि के बारे में बताते हैं।

### जानें राजस संक्रांति के बारे में

राजा संक्रांति, जिसे रज पर्व के नाम से भी जाना जाता है, ओडिशा का एक प्रमुख और पारंपरिक त्योहार है, जो तीन दिनों तक बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से भगवान विष्णु की पत्नी भूमा देवी की अराधना को समर्पित है। मान्यता है कि इस दौरान पृथ्वी माता रजस्वला होती हैं, इसलिए इस अवधि को प्रकृति और स्त्री शक्ति का उत्सव माना जाता है। यह त्योहार ओडिशा की संस्कृति और सामाजिक एकता को दशार्ता है। यह त्योहार महिलाओं और धरती माता के प्रति सम्मान व्यक्त करता है। यह त्योहार का दूसरा दिन है और इसे मिथुन संक्रांति भी कहा जाता है। यह माना जाता है कि इस दिन सूर्य मिथुन राशि में प्रवेश करता है। इस दिन, धरती माता की पूजा की जाती है और उन्हें फल चढ़ाए जाते हैं। यह त्योहार ओडिशा में बहुत उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है। 14 जून से 16 जून तक मनाया जाने वाला रज पर्व एक भारतीय सांस्कृतिक अवकाश है, जिसमें नारीत्व का जश्न मनाया जाता है। पहले दिन को 'पहिली राजा' कहा जाता है, दूसरे दिन को 'मिथुन संक्रांति' कहा जाता है, और तीसरे दिन को 'भुदाहा' या 'बासी राजा' कहा जाता है।

### राजस संक्रांति का महत्व

रज पर्व मानसून की शुरूआत और पृथ्वी की नारीत्व का जश्न मनाने वाला एक अनूठा त्योहार है। पंडितों के अनुसार इन तीन दिनों में धरती माता को आराम दिया जाता है, जैसे महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान आराम की आवश्यकता होती है। इसे राजा संक्रांति या राजा पर्व भी कहा जाता है।

### राजा संक्रांति की पौराणिक कहानी भी है रोचक

रज पर्व के पीछे एक सुंदर और गहराई से जुड़ी हुई पौराणिक मान्यता है। कहा जाता है कि इस दौरान धरती माता यानी देवी पृथ्वी, जो भगवान विष्णु की पत्नी 'भूमा देवी' के रूप में जानी जाती हैं, मासिक धर्म (रजस्वला) से गुजरती हैं। ओड़िया भाषा में ह्यरजह्ण शब्द का अर्थ होता है मासिक धर्म, और यह शब्द 'रजस्वला' से निकला है, जिसका मतलब होता है झ्र मासिक धर्म वाली महिला। रज पर्व, स्त्री के इसी प्राकृतिक चक्र को न सिर्फ मान्यता देता है, बल्कि उसे सम्मान और उत्सव का रूप भी देता है। रज पर्व ओडिशा का एक पारंपरिक और खास त्योहार है, जो मुख्यतः लड़कियों और महिलाओं से जुड़ा होता है। यह तीन दिनों तक मनाया जाता है, और इन तीन दिनों में प्रकृति, धरती माता और नारी शक्ति का सम्मान किया जाता है।

## टिप्स

### क्या आम खाने से बढ़ता है पिंपल्स-छाले का खतरा

गर्मियों के मौसम में 'फलों का राजा' आम आने लगता है। आम खाना लगभग हर किसी को पसंद होता है। क्योंकि यह रसीला फल न सिर्फ स्वाद में अच्छा होता है, बल्कि यह पोषण से भी भरपूर होता है। आम में विटामिन सी, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फाइबर जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं। गर्मियों के मौसम में 'फलों का राजा' आम आने लगता है। आम खाना लगभग हर किसी को पसंद होता है। क्योंकि यह रसीला फल न सिर्फ स्वाद में अच्छा होता है, बल्कि यह पोषण से भी भरपूर होता है। आम में विटामिन सी, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फाइबर जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं। जोकि स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। लेकिन कुछ लोग 2-3 आम खाने के बाद या लगातार कुछ दिन आम खाते हैं, तो उनके फेस पर पिंपल्स यानी की मुंहासे निकल आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या वाकई आम खाने से स्किन को नुकसांन पहुंच सकता है।

**आम खाने से मुंहासे निकलना** : हालांकि इस बाद का कोई साइंटिफिक प्रूफ नहीं है, जो यह साबित करे कि आम खाने से पिंपल्स की समस्या होती है। लेकिन कुछ कारणों की वजह से आम खाने से स्किन पर पिंपल्स हो सकते हैं।

**पिंपल्स निकलने का कारण** : बता दें कि आम के छिलके और रस में 5-रेसोर्सिनॉल नामक केमिकल पाया जाता है। जोकि स्किन पर लगने से पिंपल्स जैसे निशान बना सकता है। वहीं यह मुंह में जाने पर स्टोमेटाइटिस यानी की जलन और छोटे-छोटे घाव हो सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# विधिक सेवा प्राधिकार से कानूनी समस्या का समाधान सरल पारदर्शी और तत्काल मिलती है : उपायुक्त

## किसी प्रकार की समस्या का समाधान नहीं हो सकती वहां डीएलएसए आपकी समस्या का समाधान कर सकता है : एसपी

मेट्रो रेज



**साहिबगंज:** सिद्धो-कान्हो सभागार, साहेबगंज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक सेवाएं- सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश - सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार, उपायुक्त श्री हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के द्वारा संबोधित करते हुए विधिक सेवा प्राधिकार के विषय में जानकारी दी उन्होंने कहा कि विधिक सेवाएं-सह- मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य होता है कि आम जनता को विधि रूप से सशक्त बनाया जाए।आपको आपके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। आपको यह बताया जाए कि देश का कानून क्या है आपकी इसमें किस तरह से भागीदारी हो सकती है और अगर आपको किसी विषय पर कानूनी सहायता की जरूरत है तो इसके लिए हमारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार दिन-रात कार्य कर रही है।आप अपने अधिकारों को समझे इसके प्रति जागरूक हो और किसी तरह की समस्या आने पर निःसंकोच जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आए। विधिक सशक्तिकरण का मेगा शिविर आज पूरे साहेबगंज जिला में हर प्रखण्ड में आयोजित किया जा रहा है । हमारा उद्देश्य है कि साहिबगंज जिला में जो भी नागरिक रहते हैं चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, समुदाय से आते हो सबको विधिक रूप से जागरूक किया जाए और उन्हें सशक्त किया जाए । इस शिविर का उद्देश्य है कि सरकार की जो भी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है और जिसकी जानकारी लोगों तक नहीं है। वैसे लोगों तक शिविर के माध्यम से यह जानकारी पहुंचाना ताकि समाज का अंतिम व्यक्ति उस योजना के प्रति अवगत हो सके और उसका लाभ उठा सके।उन्होंने विधिक जागरूकता शिविर के संदर्भ में भी लोगों को जानकारी दी और इसका लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार एक ऐसा मंच है जहाँ आपको कानूनी समस्या का समाधान सरल, पारदर्शी और तत्काल मिलती है।आप अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझे, प्रशासन आपके साथ है। हमारा उद्देश्य है कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति इसका लाभ उठा सके। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा की जहाँ किसी प्रकार की समस्या का समाधान नहीं हो सकती वहां डीएलएसए आपकी समस्या का समाधान कर सकता है` शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल भी लगाया गया था। जहां संबंधित विभाग की ओर से संचालित योजना एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही थी। जिसका निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य न्यायायिक पदाधिकारी, व अन्य पदाधिकारी ने निरीक्षण किया। कार्यक्रम में परिसंपत्ति का वितरण किया गया। जिनमें विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया गया। मौके पर मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा एवं अन्य उपस्थित रहे।

## बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना अन्य विषयों पर लोगों को किया जागरूक



### शिविर में आमजनों की समस्याओं का हुआ ऑन द स्पॉट समाधान

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड सभागार में रविवार को विधिक सेवा प्राधिकार सह मेघा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस शिविर में प्रखंड स्तर के लाभुक को विभिन्न विभाग द्वारा लाभ दिया गया। वही बुजुर्गों की देखभाल,बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना, तथा अन्य विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारीशिविर में आए लोगो को संबोधित करते हुए बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने बताया की सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसलिए सभी कर्मी ,जन प्रतिनिधि, और आम जनता समन्वय बना कर योजना को धरातल पर उतारे और वंचित परिवार के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करे। कोई भी परिवार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले सकते है। आपके लिए प्रखंड पंचायत में सरकारी कर्मी और जन प्रतिनिधि से मिलकर अपने समस्या को सर्वप्रथम रखे,इसका समाधान किया जायेगा। उन्होंने ये भी बताया की एक आम नागरिक को भी अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए कानून की समझ हो और उसके अनुसार वो अपने अधिकार के लिए आगे आए। न्यायपालिका व कार्यपालिका दोनो साथ मिलकर समाज में वंचित परिवार के लोगो तक पहुंचकर सरकार और प्रशासन द्वारा संचालित योजना का लाभ देने के लिए प्रयासरत हैं। साथ ही उन्होंने आम जन से एक एक कर उनकी समस्या को सुना और उनका ऑन द स्पॉट समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान अन्य लाभुक के बीच योजनाओं की स्वीकृति पत्र दिया गया। शिविर में कौन कौन थे शामिल

इस दौरान शिविर में मुख्य रूप से सीआई दारा पासवान, पंचायत सचिव मोनिका मुर्मू, पीएलवी सुशील हेंब्रम,बापी रॉय,अशोक कुमार यादव,रूपेश कुमार सरकार आदि उपस्थित थे।

## अबुआ आवास में कुछ लाभुकों को अब भी राशि का इंतजार

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/मंडरो :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी 'अबुआ आवास योजना जिसका उद्देश्य गरीबों को तीन कमरों वाला पक्का मकान उपलब्ध कराना है। मंडरो प्रखंड के कुछ लाभुकों के लिए अभी भी पूरी तरह साकार नहीं हो पाई है। तमाम कोशिशों के बावजूद कई लाभार्थियों के खातों में अब तक आवास निर्माण की पहली किस्त की राशि जमा नहीं हुई है, जिससे वे अपने पुराने टूटे-फूटे फूस और मिट्टी के कच्चे मकानों में रहने को विवश हैं। हालांकि, कुछ ऐसे भी लाभार्थी हैं जिन्हें योजना का लाभ मिला है और वे इससे काफी संतुष्ट और खुश नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार मंडरो प्रखंड क्षेत्र के दामिन भीठा पंचायत की चुन्की देवी जिनका अबुआ आवास आईडी 784094 है। उन्होंने बताया कि उनकी आवास के लिए जियो-टैग आठ महीने पहले हो चुका था, लेकिन उनके खाते में अब तक एक भी किस्त जमा नहीं हुई है। चुन्की देवी फिलहाल एक पुरानी झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। इसी तरह रामबती देवी ने भी शिकायत की है कि उन्हें भी अभी तक आवास की राशि नहीं मिली है।





### क्या कहते है बीडीओ

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि लाभुकों के खाते में पैसा न आने का कारण आधार से जुड़ी समस्याएँ या अन्य तकनीकी खराबी हो सकती हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन मामलों की जल्द ही जांच कर समस्या का निदान किया जाएगा।

### क्या कहते है आवास कोऑर्डिनेटर

वहीं आवास कोऑर्डिनेटर ओम कुमार झा ने बताया कि पिछले पांच-छह महीनों से पहली किस्त का भुगतान रुका हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही ऊपर से आदेश प्राप्त होगा संबंधित लाभुकों के खातों में भुगतान कर दिया जाएगा।

## कबड्डी खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

**मेदिनीनगर :** झारखंड राज्य कबड्डी एसोसिएशन की मेजबानी में रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित अंतर-राज्यीय कबड्डी टूनामेंट में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव विशिष्ट अतिथि के रूप में होकर मुख्य अतिथि सह झारखंड के पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो के साथ प्रतियोगिता का उदघाटन किया। खेल मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात ट्रॉफी का भी अनावरण किया गया। अविनाश देव ने भी अपने संबोधन के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और धीरे-धीरे अपने लक्ष्य को आगे खिसकाते हुए उसे साधने के लिए प्रयास को तेज करते जाने की नसीहत दी।

## बुजुर्ग हमारे अस्तित्व हैं इनके नाम से ही आज हमारा नाम है : विश्वनाथ भगत

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार ही प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश- सह -अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में आज विश्व बुजुर्ग दु?र्व्यवहार जागरुकता दिवस के अवसर पर गंगा विहार स्थित स्नेह स्पर्श वृद्धा आश्रम में कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने कहा कि बुजुर्ग हमारे अस्तित्व हैं। इनके नाम से ही आज हमारा नाम है। इनके होने से ही हमारा सब कुछ है। यदि यह नहीं होते तो हम भी नहीं होते। हमें वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए। उनके अनुभवों को आत्मसात कर लाभान्वित होना चाहिए। उन्होंने वृद्ध आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो हमारी प्राचीन सभ्यता थी, उसका ह्रास होते जा रहा है। समाज में वृद्धों की उपेक्षा बहुत ही निंदनीय है। हमें वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए। आश्रम में रह रहे सभी वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य पर विचार किया गया। सभी वरिष्ठ नागरिकों की ठीक से देखभाल करने के लिए कहा गया।कार्यक्रम में चीफ लीगल एड कौंसिल अरविन्द गोयल व उनकी टीम जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी और अन्य मौजूद थे।

# आउटसोर्स कर्मचारी अपनी बारह सूत्री मांगो के समर्थन मे राजभवन मे एक दिवसीय दिया धरना

मेट्रो रेज



**साहिबगंज:** झारखंड सरकार द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए जारी नियमावली आउटसोर्स मेनूवल 2025 के विरोध में झारखंड राज्य आउटसोर्स कर्मचारी संघ द्वारा अपनी बारह सूत्री मांगो के समर्थन मे राजभवन रांची के समक्ष धरना दिया!इस धरना मे साहिबगंज समाहरणालय मे कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर अभिषेक कुमार सिंह पवन कुमार और बीरबल कुमार दास शामिल हुआ।आउटसोर्स कर्मचारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया की हमलोग अपने निर्धारित चरणबद्ध आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए झारखंड राज्य के सभी आउटसोर्स कर्मचारी राजभवन रांची के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया।उन्होंने बताया कि इस नियमावली में पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया है।कर्मचारियों की मांग है कि सरकार इसमें संशोधन करते हुए 60 वर्ष तक सेवा सुरक्षा और वित्त विभाग के आलोक में संविदा कर्मियों के समान वेतन भुगतान करने का प्रावधान शामिल किया जाय।बता दें कि इस नियमावली को सभी ने कर्मचारी विरोधी नियमावली बताया और इसके विरोध में झारखंड के सभी आउटसोर्स कर्मचारियों से भारी संख्या में एकसाथ सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।चाहे वो सफाई कर्मी हो,चाहे,कम्प्यूटरऑपरेटर,अमीन ,चालक,माली,रसोइया,स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मी से लेकर तकनीकी कर्मी सभी ने इस बार सरकार से अपनी मांगे मनवाने की ठान ली है।

**क्या क्या है मुख्य मांगे**

नियमावली गठन के उपरांत झारखण्ड राज्य अंतर्गत सभी विभाग कार्यालयों सचिवालय, प्रमण्डलीय जिला, अनुमंडल, प्रखण्ड अंचल स्तरीय एवं अन्य क्षेत्रीय कार्यालय सहित में आउटसोर्स के माध्यम से पूर्व से कार्यरत कर्मियों को यथास्थिति कार्यालय एवं पद पर पूर्ववत रखा जाय,समान कार्य के बदले समान वेतन के सिद्धांत पर वित्त विभाग द्वारा संविदा पर कार्यरत कर्मियों के लिए किये गए प्रावधान के अनुरूप वेतन समान रूप से लागू किया जाय,वार्षिक वेतन वृद्धि राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप समान अथवा पूर्व की भांति 8% किया जाय,अमीन एवं अन्य तकनीकी कर्मियों, जिसे गैर-तकनीकी श्रेणी में रखा गया है,उन्हें तकनीकी श्रेणी में रखा जाय,राज्य सरकार के कर्मियों के तर्ज पर पितृत्व अवकाश लागू किया जाय,शपथ पत्र समर्पित करने के कंडिका को विलोपित किया जाय,राज्य के सभी कार्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत कर्मियों को 60 वर्ष की आयु तक सेवा सुरक्षित किया जाय, प्रतिवर्ष कार्य मुल्यांकन के पश्चात सेवा अवधि विस्तार की बाध्यता को समाप्त किया जाय,दुर्घटना के क्रम में शारीरिक अपंगत्ती होने पर बीमा के रूप में 05 लाख रुपया तथा दुर्घटना में मृत्यु के पश्चात 10 लाख एकमुश्त भुगतान का प्रावधान किया जाय,चूँकि आउटसोर्स कर्मी एक अल्प वेतनभोगी कर्मी के रूप में राज्य सरकार को सेवा प्रदान करता है, वैसी स्थिति में उनके स्थांनान्तरण की प्रक्रिया शिथिल रखा जाय,उपार्जित अवकाश का प्रावधान राज्य सरकार के कर्मियों के तर्ज पर लागू किया जाय,10 वर्षों से सेवारत आउटसोर्स कर्मियों की सेवा नियमितीकरण का प्रावधान किया जाय।

## जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू को मिला पांच मेडल

मेदिनीनगर : झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन और जामताड़ा जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 14 व 15 जून को आयोजित 2री झारखंड राज्य स्तरीय सब जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पलामू के पांच खिलाड़ियों ने मेडल प्राप्त किया। इसमें एक सिल्वर और चार ब्राउज मेडल है। जामताड़ा के आउटडोर स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में पलामू के बालक और बालिका खिलाड़ी कोच मोनू कुमार और रेशमा पांडेय के नेतृत्व में भाग ले रहे हैं। मानसी कुमारी हाई जंप में एक सिल्वर मेडल हासिल की है। सुहानी सिंह और तेज प्रताप ने शॉट पुट में ब्रॉन्ज मेडल, आशुतोष कुमार ठाकुर ने पेंटाथलोन में ब्रॉन्ज मेडल, अंकित कुमार सिंह ट्रायथलॉन ग्रुप ए में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया है। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी समेत कई खेल प्रेमियों ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को बधाई व

## न्यूज IN ब्रीफ

### घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाला गिरफ्तार : एसडीपीओ



**साहिबगंज :**नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के नॉर्थ कॉलोनी माल गोदाम के समीप से अवैध हथियार एक देशी कट्टा,एक जिंदा गोली व नगद 40,635 रुपया के साथ मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर भट्टा निवासी युवक आकाश कुमार सिंहा उर्फ प्रकाश कुमार को गिरफ्तार किया।जहां इस मामले को लेकर सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए इसकी जानकारी दी।आगे उन्होंने बताया कि अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी युवक ने बीते दिनों नगर थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों पर घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिसमें भारी मात्रा में सामानों की चोरी हुई थी।उधर चोरी किए गए सामानों को बेचकर मिले 10 हजार 700 रुपए भी पुलिस ने बरामद किया है।इस छापेमारी टीम में नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि प्रवीण कुमार प्रभाकर,मुरली मनोहर सिंह,सअनी अजय कुमार, विजेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य पुलिस जवान मौजूद थे।

### कोई जनप्रतिनिधि झाकने तक नहीं आया सिर्फ वोट के आते हैं : ग्रामीण



**साहिबगंज :** युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम सदर प्रखंड पंचायत के मखमलपुर दक्षिण के तीनघरिया टोला पहुंच कर बरसात के समय ग्रामीणों को हो रही समस्याओं को जाना।ग्रामीणों ने बताया कि यहां वर्षा होने पर पानी जम जातें हैं। और हम ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठीनाई का सामना करना पड़ता है।उन लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर हम ग्रामीण पंचायत के प्रतिनिधि को कई बार सुचना दिए।लेकिन यहां कोई जनप्रतिनिधि झाकने तक नहीं आया सिर्फ ये लोग वोट के समय वोट लेने आते है।वही ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता कौसर आलम से समस्या का समाधान करने की मांग की।वहीं कौसर आलम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की बहुत ही जल्द जिला प्रशासन से बात कर इन समस्या का समाधान कराया जाएगा। मौके पर मनोज ठाकुर जहांगीर आलम,मोजम्मील हक तारिक अनवर के आलवे अन्य ग्रमीण मौजूद रहे।

### 13 और 14 जुलाई को दो दिवसीय अधिवेशन जमशेदपुर में : भरत यादव



**साहिबगंज:**स्थानीय पुलिस लाइन शिव मंदिर परिसर में झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ जिला शाखा-साहिबगंज की बैठक भरत यादव ? की अध्यक्षता में हुई।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि? झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का राज्य सम्मेलन जमशेदपुर शहर मेंआगामी 13 और 14 जुलाई 2025 को दो दिवसीय अधिवेशन के रूप में आयोजित है।जिसमें साहिबगंज जिला से अधिक से अधिक सभी सरकारी, आउटसोर्सिंग ?क्षेत्रीय एवं कार्यालय कर्मी, अनुबंध कर्मियों को भाग लेंगे लेना।यह निर्धारित किया गया कि सभी विभागों? एवं प्रखंडों में जाकर ?अधिक से अधिक संख्या में कर्मी अधिवेशन में भाग ले सकें इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है। कर्मियों के जाने के लिए अग्रिम रेल एवं बस रिजर्वेशन भी सुनिश्चित करना है।जमशेदपुर राज्य सम्मेलन में समुचित सहयोग राशि देने के बात पर भी आपसी सहमति बनी।सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि हमारे संगठन के अध्यक्ष सेवानिवृत हो चुके हैं और जिला का सम्मेलन भी बकाया है।अतः नवंबर 2025 में जिला सम्मेलन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लि?या गया।आज सेवानिवृत्ति होने के बाद भी अध्यक्ष हमारे कार्यक्रमों में? प्रमुखता से भाग लेते हैं एवं सक्रिय भागीदारी निभाते हुए ? हमारा मार्गदर्शन करते हैं।इसके लिए महासंघ की तरफ से उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद दिया गया।बैठक में ?जिला मंत्री राजीव पांडेय,प्रमंडलीय मंत्री श्रीमथियस बेसरा,?अभिषेक कुमार,सदानंद कुवंर,राज नारायण यादव,मुन्ना रविदास,मुकेश यादव आदि ने? भाग लिया।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा ने किया जिला समिति का विस्तार



**साहिबगंज:** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के अनुमोदन के बाद केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने साहिबगंज झामुमो जिला समिति की सूची जारी कर दी।जारी सूची के अनुसार के अनुसार झामुमो पार्टी ने विभिन्न पदों पर बने जिला समिति का विस्तार किया है।जिसमे जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संजीव श्यामू हेंब्रम,मो मोजजविल हक,अमरनाथ यादव,जेम्स किस्कू,सुरेंद्र यादव एवं जंग बहादुर सिंह उर्फ जेलबी सिंह को बनाया गया है।वही सचिव सुरेश टुडू को बनाया है।संगठन सचिव पद तमरूद्दीन शेख,फ्रांसिस हांसदा,सुनील टुडू ,बच्चू हांसदा एवं छवि हेंब्रम को बनाय।जबकि सह सचिव पद पर जय प्रकाश भगत,रहमान अंसारी,काजू मलिक एवं किनु सोरेन को बनाया गया।कोषाध्यक्ष पद सुरेश साह के जिम्मे दिया गया है।जहां राजा राम मरांडी को पार्टी का जिला प्रवक्ता बनाया।

## सम्राट पृथ्वीराज चौहानः

### 'राजमाता' की भूमिका के लिए पद्मिनी ने की खूब मेहनत, सुनाया मजेदार किस्सा



**फिल्म** इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक फिल्म देने वाली बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी 11 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं। पद्मिनी चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में राजमाता की भूमिका में नजर आएंगी। अभिनेत्री ने बताया कि 'राजमाता' के किरदार के लिए उन्होंने कैसे और क्या तैयारी की।

पद्मिनी ने बताया कि राजमाता की भूमिका उनके करियर का एक खास अनुभव रहा है। उन्होंने इस किरदार को निभाने के लिए खूब मेहनत की। अभिनेत्री ने बताया, मैंने ऐतिहासिक किताबें, लोक कथाएं और डॉक्यूमेंट्री देखी ताकि उस दौर को समझ सकूं। राजमाता सिर्फ पृथ्वीराज की मां ही नहीं थीं, बल्कि उनकी ताकत और मार्गदर्शक भी थीं। एक मां के तौर पर मैं उनकी भावनाओं को समझ सकती हूं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए बड़ी जिम्मेदारी थी। पद्मिनी ने मजाकिया अंदाज में बताया कि उन्होंने इस विषय पर इतना सर्च किया कि उनका फोन अब भी सिर्फ पृथ्वीराज और उस युग से जुड़ी चीजें ही सुझाता है। उन्होंने राजमाता की शांत ताकत और गरिमा को पर्दे पर लाने के लिए हर छोटी-बड़ी बात पर ध्यान दिया।

टेलीविजन पर वापसी को लेकर उत्साहित पद्मिनी कोल्हापुरी ने कहा, चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की दुनिया में कदम रखना मेरे लिए बेहद खास है, न केवल इसलिए कि मैं इसमें दमदार भूमिका निभा रही हूं, बल्कि इसलिए भी कि यह लगभग 11 वर्षों के बाद टेलीविजन पर मेरी वापसी है। टेलीविजन पर मेरा सफर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ शुरू हुआ था और अब, इतने सालों के बाद मैं उसी चैनल पर एक ऐसी भूमिका के साथ लौट रही हूं, जो चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक दोनों है। उन्होंने कहा, जब मुझे राजमाता की भूमिका के लिए ऑफर मिला तो मुझे इससे जुड़ाव महसूस हुआ। ऐसी भूमिका मिलना दुर्लभ है, जिसमें इतनी गहराई हो। वह सिर्फ एक रानी या मां नहीं है, वह राज्य की आत्मा हैं। राजमाता की भूमिका निभाना उन सभी मजबूत महिलाओं को सम्मान देने जैसा है, जिन्होंने पर्दे के पीछे से शांति के साथ देश की मजबूती में अहम भूमिका निभाई।

किरदार के बारे में अभिनेत्री ने बताया, पृथ्वीराज के साथ राजमाता का रिश्ता खूबसूरत है। वह उनकी मार्गदर्शक और सहारा हैं। इस तरह के मजबूत किरदार को स्क्रीन पर जीवंत करना सम्मान की बात है और मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस किरदार के साथ उतनी ही गहराई से जुड़ेंगे, जितनी मैं जुड़ी हूं। चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान पृथ्वीराज के जीवन पर आधारित है, जो एक राजकुमार से एक महान योद्धा बनने की कहानी को दिखाता है। यह शो उनकी चुनौतियों, जीत और उस विरासत को दिखाएगा, जिसने उन्हें इतिहास में अमर कर दिया। शो में पद्मिनी कोल्हापुरी के साथ अनुजा साठे, रोनित रॉय और रूमी खान जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

यह शो भारत के वीर योद्धा पृथ्वीराज चौहान की कहानी को पर्दे पर जीवंत करेगा और 4 जून से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

# कुएं में कूद जाऊंगी लेकिन बिग बॉस में नहीं जाऊंगी

**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान का चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस  हमेशा चर्चा में रहता है. इस शो को 18 सीजन आ चुके हैं और सभी को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. इन दिनों बिग बॉस 19 को लेकर लगातार अपडेट मिल रहे हैं. बीते दिनों इस शो के अगले सीजन में शामिल होने वाले स्टार्स की एक लिस्ट सामने आई थी. हालांकि, मेकर्स की तरफ से शो शुरू होने से पहले कभी लिस्ट अनाउंस नहीं की जाती है लेकिन सोशल मीडिया पर इस तरह के नाम सामने आते रहते हैं. इसी बीच टीवी इंडस्ट्री की एक पॉपुलर एक्ट्रेस ने सलमान खान के शो के लिए बहुत बड़ी बात कह दी है. आइए जानते हैं कि ये एक्ट्रेस कौन है और क्या कहा है.

**चाहत खन्ना ने बिग बॉस की जमकर बुराई:** इस दौरान उन्होंने बिग बॉस में जाने के सवाल पर रिएक्शन दिया है. चाहत खन्ना ने कहा, मुझे इस शो का ऑफर तो हर साल आता है लेकिन मैं कभी ना जाऊं. मुझे अगर मौका मिला तो मैं कुंए में कूद जाऊंगी लेकिन बिग बॉस में कभी नहीं जाऊंगी. मैं ये भी बात जानती हूं कि वो कितना षडयंत्र रचकर बैठे होंगे. वो मेरे पास्ट की धज्जियां उड़ा देंगे. मेरे पास अगर कभी खान के लिए पैसे नहीं होंगे तो मैं कहीं नौकरी कर लूंगी लेकिन बिग बॉस में कभी नहीं जाऊंगी.

**चाहत खन्ना कर रही हैं खुद का काम:** बताते चलें कि चाहत खन्ना ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि वह टीवी से काफी समय से दूर हैं और इसमें काम नहीं करता चाहती हैं. उन्होंने बताया है कि उन्हें उनके मुताबिक ऑफर और पैसे नहीं मिल रहे हैं इसलिए उन्होंने खुद का काम शुरू कर दिया है. चाहत खन्ना ने बताया कि वह अपने काम में अच्छा कर रही हैं और बिजनेस वुमन बनकर घर और काम दोनों संभाल रही हैं.



# कावेरी कपूर की 'डबलिन डायरीज़' ने फैंस को आयरलैंड घूमने के दिखाए ख्वाब



**सिंगर**, सॉन्गराइटर और अभिनेत्री कावेरी कपूर की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने ट्रैवल लवर्स को ज़बरदस्त वॉन्डरलस्ट में डाल दिया है। कावेरी इन दिनों डबलिन की शांत और सुरम्य फिज़ाओं का आनंद ले रही हैं और उन्होंने अपने डबलिन डायरीज़ पोस्ट के ज़रिए फैन्स को जबरदस्त ट्रैवल ख्रहख्र्ख दे दिया। उन्होंने आयरलैंड की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक जीवंतता की कुछ दिल छू लेने वाली झलकियां साझा कीं। हरी-भरी वादियों पर छाए नाटकीय बादलों से लेकर, पूरी तरह खिले हुए चेरी ब्लॉसम्स, शांत झीलों के किनारे उगते और डूबते सूरज, पहाड़ों का साफ़ पानी में प्रतिबिंब, रंग-बिरंगी गलियाँ, और आइकोनिक पिंक लूसीज़ विंटेज़ लाउंज–कावेरी की यह पोस्ट मानो हमें वर्चुअल टूर पर ले गई हो।

कावेरी इन दिनों इंडस्ट्री में छाई हुई हैं। हाल ही में उन्होंने कुणाल कोहली की बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी से बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड डेब्यू किया, जिसे ओटीटी पर खूब सराहा गया। उनकी परफॉर्मेंस को भी आलोचकों और दर्शकों से भरपूर तारीफ मिली। एक्टिंग के साथ-साथ कावेरी म्यूज़िक की दुनिया में भी अपनी छाप छोड़ रही हैं। अब तक वह चार म्यूज़िक वीडियोज़ कर चुकी हैं। अपनी डेब्यू फिल्म का गाना एक धागा तोड़ा मैंने भी उन्होंने खुद गाया है, जो उनका पाँचवाँ म्यूज़िक वीडियो बन गया है। इसके अलावा, कावेरी ने अपने क्रिएटिव सफर में एक और उपलब्धि जोड़ी है। उन्होंने हाल ही में एक धागा का मूल अंग्रेज़ी वर्जन रेमिनिस रिलीज़ किया। यह बेहद निजी ट्रैक उनके लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि उन्होंने इसे तब लिखा था, जब वह सिर्फ़ 15 साल की थीं। इस गाने में उन्होंने अपनी शुरुआती गीत लेखन क्षमता और भावनात्मक परिपक्वता का प्रदर्शन किया था। इस गाने को इंडस्ट्री से काफ़ी प्रशंसा मिल रही है। कावेरी की अगली फ़िल्म मासूम 2 है, जिसमें वह सिनेमा के दिग्गज नसीरुद्दीन शाह और शबाना आज़मी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के लिए तैयार हैं।

# दीपिका के बाद अब पंकज त्रिपाठी ने 8 घंटे शिफ्ट का किया समर्थन, बोले- बहुत हुआ 16-18 घंटे काम



**दीपिका** पादुकोण के संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' से बाहर होने के बाद इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर बहस छिड़ गई है। दीपिका पादुकोण के फिल्म छोड़ने के पीछे की एक वजह एक्ट्रेस के 8 घंटे की शिफ्ट की मांग करना भी माना जा रहा है। इसके बाद अब कई और कलाकार भी इस पर अपनी राय रख रहे हैं। अब दिग्गज अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने इस मामले पर अपनी राय दी है और आठ घंटे की शिफ्ट का समर्थन किया है।

## 16 से 18 घंटे काम के घंटों पर जताई नाराजगी

इस दौरान पंकज त्रिपाठी ने उन दिनों को याद किया जब उनके काम के घंटे लगातार बढ़ते रहे। सेट पर अपने काम के घंटों को 16 से 18 घंटे तक बढ़ाए जाने पर अपनी नाराजगी जताते हुए अभिनेता ने कहा कि मैं बोल भी रहा हूं कि एक्टर जा चुका है, लेबर रुका हुआ है। लेकिन अब बहुत हुआ 16-18 घंटे काम। अब मैंने बहुत ही प्यार से अपने काम के घंटे बढ़ाने से मना करना शुरू कर दिया है। मैं अब अपनी सीमा नहीं लांघता। मैं अब निर्देशकों से भी कहूंगा कि जो कुछ भी बचा है, वह अगले दिन किया जाएगा।

## मणिरत्नम ने बताई उचित मांग

इससे पहले इस मामले पर निर्देशक मणिरत्नम भी अपनी प्रतिक्रिया दे चुके हैं। 'ठग लाइफ' के प्रमोशन में जुटे निर्देशक मणिरत्नम ने 8 घंटे शिफ्ट पर कहा था, मुझे लगता है कि यह एक उचित मांग है। मुझे खुशी है कि वह इसके लिए पूछने की स्थिति में है। मुझे लगता है कि एक फिल्म निर्माता के रूप में, आप कास्टिंग करते समय इस बात को ध्यान में रखेंगे। यह पूछना कोई अनुचित बात नहीं है, बल्कि एक बड़ी जरूरत है।

# माफी नहीं मांगने पर फंसे कमल हासन

● **हाईकोर्ट ने दिया झटका, कर्नाटक में रिलीज नहीं होगी ठग लाइफ**

कन्नड़ भाषा को लेकर दिए गए कमल हासन के बयान पर अब मामला बढ़ता जा रहा है। अपने बयान पर माफी न मांगना कमल हासन को महंगा साबित हुआ है। जिसका खामियाजा उनकी आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' को उठाना पड़ा है। फिल्म 'ठग लाइफ' अब फिलहाल 5 जून को कर्नाटक में रिलीज नहीं होगी। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक फिल्म के कर्नाटक में रिलीज पर रोक लगा दी है।



## 10 जून तक अटकी फिल्म की रिलीज

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आज कहा कि कमल हासन के कन्नड़ भाषा पर दिए गए बयान से राज्य में अशांति फैल गई है। कर्नाटक में फिल्म ठग लाइफ की रिलीज के लिए सुरक्षा की मांग करने वाले अभिनेता की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह टिप्पणी की और सुनवाई 10 जून तक के लिए स्थगित कर दी। ऐसे में अब फिल्म फिलहाल 10 जून तक कर्नाटक में रिलीज नहीं हो सकेगी। फिल्म पहले 5 जून को रिलीज होने वाली थी।

## कमल हासन ने माफी मांगने से किया इंकार

लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, कमल हासन ने कर्नाटक में 'ठग लाइफ' की रिलीज को रोकने पर सहमति जताई। कन्नड़ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप वाली कमल हासन की टिप्पणी के बाद हाईकोर्ट ने ये फैसला किया है। अपने बयान पर माफी मांगने से इंकार करते हुए अभिनेता ने कहा कि उनके मन में कोई दुर्भावना नहीं थी और न ही किसी दुर्भावना से उन्होंने वो टिप्पणी की। कमल हासन ने फिल्म चैंबर के साथ बातचीत करने का प्रस्ताव रखा।

## कमल हासन का तर्क, गलत तरीके से पेश किया गया बयान

जस्टिस एम नागप्रसन्ना की बेंच ने यह फैसला किया है। यह मामला 'ठग लाइफ' के ऑडियो रिलीज के दौरान कमल हासन के दिए गए एक बयान से पैदा हुआ है। लंच से पहले की सुनवाई में हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से कमल हासन को अपने बयान के लिए माफी मांगने को कहा था। क्योंकि इससे कर्नाटक के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। लेकिन कमल हासन ने माफी मांगने से इंकार कर दिया।

# हायरॉक्स इंडिया ने 2025-26 सीजन का पूरा कैलेंडर जारी किया, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में होंगी रेस

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दुनिया भर में मशहूर फिटनेस रेस हायरॉक्स ने भारत के लिए 2025झ्26 सीजन (जुलाई 2025 से जून 2026) का अपना पूरा कैलेंडर जारी कर दिया है। इस ऐलान के साथ भारत में हायरॉक्स की पहली पूर्ण सीजन की शुरूआत हो रही है, जो देश में फिटनेस संस्कृति को एक नई पहचान देने जा रही है। मुंबई में इस साल की शुरूआत में सफल डेब्यू के बाद अब हायरॉक्स इंडिया तीन प्रमुख शहरों में अपने कार्यक्रम आयोजित करेगा, जो इस प्रकार है।

दिल्ली - 19 जुलाई 2025
मुंबई - 7 सितंबर 2025
बेंगलुरु - 11 अप्रैल 2026





यह भारत में हायरॉक्स का पहला फुल-सीजन होगा, जो देश में इसके दीर्घकालिक विकास और व्यापक क्षेत्रीय भागीदारी की नींव रखेगा। हायरॉक्स इंडिया के प्रमुख दीपक राज ने कहा, ₹यह भारत का हायरॉक्स सीजन है। हम एक मल्टी-सिटी कैलेंडर के साथ देशभर में लौट रहे हैं, जो हर कोने के फिटनेस प्रेमियों को आमंत्रित करता है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, हम एक ऐसी फिटनेस कम्युनिटी बना रहे हैं जो प्रतिस्पर्धात्मक भी है और समावेशी भी। हायरॉक्स एक अनूठा फिटनेस इवेंट है, जिसमें प्रतिभागियों को 8 बार झ 1 किलोमीटर की दौड़ और 1 वर्कआउट स्टेशन से गुजरना होता है। यह फॉर्मेट इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसमें पेशेवर एथलीट से लेकर आम फिटनेस प्रेमी तक हर कोई भाग ले सकता है। यही कारण है कि इसे हर किसी के लिए खेल कहा जाता है। भारत में हायरॉक्स की एंट्री ऐसे समय हो रही है जब देश में फिटनेस के प्रति उत्साह बढ़ रहा है और लोग सामूहिक प्रतिस्पधाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। तीन बड़े शहरों में होने वाले आयोजनों के जरिए हायरॉक्स खुद को एक राष्ट्रीय फिटनेस स्पोर्ट के रूप में स्थापित कर रहा है। इस सीजन के दौरान भारतीय प्रतिभागियों को हायरॉक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 के लिए क्वालिफाई करने का भी अवसर मिलेगा, जिससे उनकी स्थानीय यात्रा को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मौका मिलेगा। हायरॉक्स के सह-संस्थापक और दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मोरित्ज फ्यूरस्टे ने कहा, ₹भारत हायरॉक्स के लिए सबसे उत्साहजनक नए बाजारों में से एक है। यहां की ऊर्जा, जनसंख्या और संभावनाएं वाकई जबरदस्त हैं। जिस गति से यहां रुचि बढ़ रही है, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। हायरॉक्स इंडिया अब अपने विस्तारित कैलेंडर, मजबूत समुदाय और तेजी से बढ़ती पहचान के साथ देश की फिटनेस और खेल संस्कृति में एक नए अध्याय की शुरूआत करने जा रहा है।

# फीफा क्लब विश्व कप में पीएसजी की धमाकेदार शुरूआत, एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया

**एजेंसी**

पैसाडेना (लॉस एंजेलिस), 16 जून (हि.स.)। हाल ही में चैंपियंस लीग जीतने वाली पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने फीफा क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में स्पेनिश क्लब एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला रविवार को रोज बाउल स्टेडियम में खेला गया, जहां फ्रांसीसी क्लब ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। गर्म और धूप भरे माहौल में खेले गए इस मैच में पीएसजी को अपने दो अहम खिलाड़ी – उस्मान डेम्बेले और ब्रैडली बारकोला – की कमी खलने नहीं दी। शुरूआत से ही पीएसजी ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और 19वें मिनट में फाबियन रूइज ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। पहले हाफ में एटलेटिको की ओर से एकमात्र स्पष्ट मौका एंटोइन ग्रिजमैन के पास आया, लेकिन उनका शॉट सीधे डोनारुमा के हाथों में गया। इसी मौके से पीएसजी ने तेज काउंटर अटैक किया और विटिन्हा ने 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ की शुरूआत में एटलेटिको ने कोके को मैदान में उतारा, लेकिन इससे टीम की रफ्तार में कोई खास बदलाव नहीं आया। ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने बार को निशाना बनाया और एटलेटिको के डिफेंडर्स पर लगातार दबाव बनाए रखा। मैच के 57वें मिनट में जूलियन अल्वारेज ने गोल किया, लेकिन फाउल की वजह से उसे अमान्य कर दिया गया। इसके बाद एटलेटिको को और झटका तब लगा जब डिफेंडर क्लेमेंट लेंग्ले को दो पीले कार्ड के चलते बाहर कर दिया गया। 87वें मिनट में सब्स्टीट्यूट सैनी मायूलू ने तीसरा गोल दागा, वहीं इंजरी टाइम में कांग-इन ली ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 4-0 कर दिया। यह पेनल्टी रॉबिन ले नोर्मांड द्वारा हैंडबॉल करने पर मिली थी।



मैच के बाद पीएसजी के कोच लुइस एनरिके ने कहा, ₹यह सीजन हमारे लिए इतिहास रचने का मौका है। क्लब, खिलाड़ी और फैंस सभी जीत के भूखे हैं। हम हर टूनार्मेंट की तरह यहां भी खिताब जीतना चाहते हैं। वहीं, एटलेटिको के कोच डिएगो सिमियोने ने हार को स्वीकारते हुए कहा, ₹टीम ने प्रयास किया, लेकिन 4-0 की हार कठिन है। अब हमें बाकी मैचों में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। पीएसजी की यह जीत उन्हें टूनार्मेंट में मजबूत शुरूआत दिलाती है, जबकि एटलेटिको को अगला मुकाबला जीतना अनिवार्य हो गया है।

# हिमाचल प्रदेश में चार दिन अंधड़-बिजली का अलर्ट

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को कुछ राहत मिली है। पिछले 24 घण्टों में बारिश होने से राज्य के अधिकतम व न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले कुछ दिनों में राज्य के कई हिस्सों में आंधी-तूफान और हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता है। इसके चलते मैदानी जिलों में लू से परेशान लोगों को और निजात मिलेगी। मौसम विभाग ने 20 जून से प्री-मानसून गतिविधियों की संभावना जताई है जबकि 25 जून के आसपास प्रदेश में दक्षिण-पश्चिमी मानसून के प्रवेश करने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों में



प्रदेश में अधिकतम तापमान ऊना में 39.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान कुकुमसेरी में 8.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कांगड़ा में 33.6 मिमी, करसोग में 27.0 मिमी, पालमपुर में 23.8 मिमी, धर्मशाला में 16.0 मिमी, जुब्बड़हट्टी में 12.0 मिमी, कुफरी में 8.6 मिमी और शिमला में 7.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इस प्रकार से कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश से मौसम में थोड़ी राहत मिली है। प्रदेश में तेज हवाओं का दौर भी जारी है। सबसे तेज हवा 59 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से सिओबाग में चली, जबकि कुकुमसेरी में 43, बजौरा और नेरी में 41, कोटखाई में 39 और बिलासपुर में 37 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं दर्ज की गईं। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार 16 से 20 जून तक राज्य के कई इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से अंधड़ चलने और बिजली गिरने का येलो अलर्ट रहेगा। 16 और 17 जून को राज्य के कई भागों में तेज हवा और गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं 18 से 20 जून तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गरज के साथ बारिश और तेज हवाओं की स्थिति बनी रह सकती है। 21 और 22 जून को भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। यह बारिश खासकर मैदानी और मध्यवर्ती क्षेत्रों में हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के मैदानी जिले जैसे ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और कांगड़ा बीते कुछ दिनों से भीषण गर्मी की चपेट में हैं। दोपहर के समय तेज धूप और लू चलने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले दिनों कई स्थानों पर तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के अधिक रिकॉर्ड किया गया है। लेकिन आने वाले सप्ताह में मौसम के बदलने से लोगों को थोड़ी राहत मिलने की संभावना बन रही है।

# पोल्ट्री उद्योग के नियमों को बदलेगी हरियाणा सरकार: नायब सैनी

## मुख्यमंत्री सैनी से मिला पोल्ट्री संघ का प्रतिनिधिमण्डलभारतीय पोल्ट्री फेडरेशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पोल्ट्री उद्योग भारत के कृषि क्षेत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और तीव्र गति से विकसित होने वाला व्यवसाय है। कम निवेश, सीमित भूमि और सीमित संसाधनों के बावजूद यह व्यवसाय अधिक आय का अवसर देता है। मुख्यमंत्री ने पोल्ट्री उद्योग के नियमों को बदलने पर अपनी सहमति जताई है। मुख्यमंत्री सैनी रविवार की रात अपने निवास पर भारतीय पोल्ट्री फेडरेशन के सदस्यों के साथ एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में राज्य के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, भारतीय पोल्ट्री फेडरेशन के



अध्यक्ष रणपाल ढांडा, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, पोल्ट्री विशेषज्ञ तथा पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े किसान मौजूद रहे। इस बैठक में मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पोल्ट्री उत्पादों की समयबद्ध आपूर्ति के लिए बेहतर कनेक्टिविटी, सुदृढ़ लॉजिस्टिक्स और प्रभावी कोल्ड चेन नेटवर्क की आवश्यकता होती है। इस दृष्टिकोण से हरियाणा इस उद्योग के लिए देश का सबसे उपयुक्त राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सडक, रेल और हवाई कनेक्टिविटी का सशक्त और आधुनिक नेटवर्क तैयार किया गया है। प्रदेश के प्रत्येक जिले से कम से कम एक राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरता है। इसके अतिरिक्त सरकार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित कर रही है, जिसमें हरियाणा के 22 में से 16 जिले सम्मिलित हैं। यह पोल्ट्री व्यवसाय के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खोलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोल्ट्री संघ ने एक मांग पत्र उन्हें सौंपा है, उस पर अधिकारियों के साथ बैठक करके गंभीरता से विचार किया जाएगा और नियमों में सरलीकरण किया जाएगा। उन्होंने पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े लोगों का आह्वान किया कि वे नियमों का पालन भी करें, ताकि आम जनता को भी कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यह उद्योग तीन लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दे रहा है। उन्होंने कहा कि पोल्ट्री पालन से जुड़े किसानों को व्यवसाय प्रबंधन, रोग नियंत्रण और विपणन जैसे विषयों पर निरंतर प्रशिक्षण देकर हम इस क्षेत्र को सशक्त बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि पोल्ट्री कचरे के प्रबंधन की गंभीर समस्या है। इसके निपटान के लिए सरल, सस्ती और प्रभावी तकनीक की आवश्यकता है। इस क्षेत्र पर कार्य करने की जरूरत है।

## ट्रंप ने ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या की इजराइली योजना को खारिज किया



एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की इजराइल की योजना का विरोध किया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत में कहा कि यह विचार अच्छा नहीं है। ऐसा हरगिज नहीं होना चाहिए। अमेरिका के न्यूज चैनल सीबीएस ने कहा कि यह जानकारी तीन अमेरिकी अधिकारियों ने रविवार को चैनल ने दी। खबर के अनुसार, इजराइल के पास खामेनेई की हत्या करने का अवसर था। ट्रंप ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू से पिछले हफ्ते टेलीफोनिक वार्ता में कहा कि यह योजना ठीक नहीं। `रिका के एनबीसी चैनल के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि उन्हें इजराइल और ईरान के बीच समझौते की उम्मीद है। ट्रंप ने कहा कि वह विश्व नेताओं की बैठक के लिए कनाडा जा रहे हैं। उनकी कनाडा यात्रा में ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष को रोकना खास एजेंडा रहेगा। कनाडा में जी-7 प्रमुख अर्थव्यवस्था के शिखर सम्मेलन के लिए व्हाइट हाउस छोड़ने से पहले ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, ₹मुझे उम्मीद है कि कोई न कोई समझौता होगा। यह समझौते का सही समय है।

## ब्रिटिश उच्चायुक्त सारा कुक ने बांग्लादेश में बीएनपी नेताओं से मुलाकात की



एजेंसी

**ढाका :** बांग्लादेश में आम चुनाव की तारीखों पर मचे घमासान के बीच आज ब्रिटिश उच्चायुक्त सारा कुक ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। लगभग एक घंटे तक चली यह मुलाकात बंद कमरे में हुई। ढाका ट्रिब्यून और द डेली स्टार की खबर के अनुसार सारा कुक ने बीएनपी मुख्यालय गुलशन में पार्टी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर से आगामी राष्ट्रीय चुनाव और देश के मौजूदा राजनीतिक हालात संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य सैरुल कबीर खान ने बताया कि सुबह करीब साढ़े दस बजे बैठक शुरू हुई जो एक घंटे से अधिक समय तक चली। बैठक में बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य डॉ. अब्दुल मोईन खान और आयोजन सचिव शमा ओबैद भी मौजूद रहे। खान और ओबैद पार्टी प्रमुख की विदेश मामलों की सलाहकार समिति के सदस्य हैं।

### कार ने दो बाइकों में मारी टक्कर, युवती समेत तीन की मौत और एक जख्मी

**पेंड्रा/रायपुर :** छत्तीसगढ़ के पेंड्रा थाना के मझगवा के पास बीती देर रात तेज रफ्तार कार की ठोकर से 2 बाइक पर सवार 3 युवक सहित एक युवती की मौत हो गई। वहीं कार चालक को भी मामूली चोट आई है। जिनका इलाज बिलासपुर के अस्पताल में जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल ने सोमवार को बताया कि बीती रात पेंड्रा थाना अंतर्गत दुबटिया मझगवां मुख्यमार्ग पर सेवरा गांव के पास कार चालक स्नेहिल गुप्ता ने नशे की हालत में दो अलग-अलग बाइक सवारों को सामने से जोरदार टक्कर मारी ।बाइक को ठोकर मारकर कार भी पेड़ से जा कराई ।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल युवती को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया जहां उसकी मौत हो गई ।मृतकों के नाम गंगाराम, रामावतार सिंह, भूपेंद्र मराबी और युवती शानू केवंट बताया गया है। हादसे में कार चालक भी घायल है जिसे जिला अस्पताल बिलासपुर रेफर किया गया है।

# बिहार के सारण में पिकअप पलटी, महिला समेत छह की मौत

**पटना :** बिहार में सारण जिले के नयागांव थाना अंतर्गत बाजितपुर गांव के पास सोमवार सुबह पिकअप गाड़ी के पलटने से एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में कई लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पिकअप में 35 से 40 लोग सवार थे। पुलिस के मुताबिक पिकअप गाड़ी दिघवारा से मक्का लोड करके हाजीपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान बाजितपुर के निकट पिकअप का एक चक्का ब्लास्ट करने के बाद गाड़ी पलट गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल सोनपुर ओर हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान बादल कुमार उम्र 18 वर्ष पिता सुरेन पासवान, ओहिला देवी पति भगवान मांझी, लक्ष्मी देवी उम्र 55 वर्ष पति योगेन्द्र भगत, गोलू कुमार उम्र 18 वर्ष पिता किशोरी राम, अरविंद कुमार उम्र 16 वर्ष पिता अरूण राम, फूलमती देवी पति चंदेश्वर पासवान के रूप में हुई है।

### दीघा जा रही बस और कंटेनर में आमने-सामने की टक्कर, चालकों की हालत गंभीर

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर के कृष्णनगर में दीघा-नंदकुमार 116बी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार सुबह दीघा जा रही एक यात्री बस और विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों गाड़ियों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में हेरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस में सवार कम से कम 15 पर्यटक भी घायल हुए हैं। उनका भी हेरिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ देर के लिए भीषण जाम लग गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। सूचना मिलने पर हेरिया की पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कंटेनर तेज गति से चल रहा था। उसने नियंत्रण खो दिया और विपरीत दिशा से आ रही बस को टक्कर मार दी। टक्कर में दोनों वाहनों के आगे के हिस्से चकनाचूर हो गए।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार ने भी कमजोरी के साथ पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया था। वहीं एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। ईरान और इजरायल के बीच शुरू हुए संघर्ष के कारण अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए थे। डाउ जॉन्स दो प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ पिछले सत्र के कारोबार का



अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 255.66 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूट कर 19,406.83 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ 42,208.84 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करते रहे। एफटीएसई इंडेक्स 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,850.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.05 प्रतिशत लुढ़क कर 7,684.68 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 255.22 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,516.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,899.56 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.32 प्रतिशत लुढ़क कर 22,002.80 अंक के स्तर तक गिर गया है। सेट कंपोजिट इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल यह सूचकांक 0.97 प्रतिशत फिसल कर 1,111.83 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,858.59 अंक के स्तर पर बना हुआ है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 106 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,845.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.46 प्रतिशत उछल कर 7,199.35 अंक के स्तर तक पहुंच गया है। निक्केई इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 402.73 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38,236.98 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.78 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,917.18 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,378.78 अंक के स्तर पर कारोबार करते हुए नजर आ रहे हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### आईआईटी बॉम्बे और एचपीयू शिमला के बीच शैक्षणिक सहयोग की दिशा में ऐतिहासिक पहल, एमओयू पर विचार-विमर्श

**शिमला :** शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के बीच एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य औपचारिक शैक्षणिक सहयोग और संभावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर विचार-विमर्श करना था। बैठक की अध्यक्षता एचपीयू के कुलपति प्रो. महावीर सिंह ने की, जबकि आईआईटी बॉम्बे की ओर से अंतरराष्ट्रीय संबंधों के डीन प्रो. सुदर्शन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर एचपीयू के रसायन विभाग से डॉ. रमेश ठाकुर और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग से डॉ. मनीष कुमार भी मौजूद थे ।प्रो. सुदर्शन कुमार ने आईआईटी बॉम्बे की वैश्विक अनुसंधान साझेदारियों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, स्टार्टअप इन्क्यूबेशन कार्यक्रमों और मोनाश विश्वविद्यालय (ऑस्ट्रेलिया) व ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ संयुक्त पीएचडी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। बैठक में हरित ऊर्जा, ऊर्जा विज्ञान और नैनोप्रौद्योगिकी जैसे उन्नत क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर विशेष चर्चा हुई। प्रमुख प्रस्तावों में शामिल हैं। संकाय एवं छात्रों के विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त कार्यशालाएँ व प्रशिक्षण, अल्पकालिक शैक्षणिक यात्राएँ, सह-पर्यवेक्षित मास्टर एवं पीएचडी कार्यक्रम, संयुक्त शोध प्रस्ताव व अनुदान हेतु साझेदारी, विश्वविद्यालय नेटवर्क के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संपर्क।

प्रो. कुमार ने एचपीयू को अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से जोड़ने में आईआईटी बॉम्बे की पूर्ण सहायता का आश्वासन भी दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत आने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों के दौरे कार्यक्रम में एचपीयू को भी सम्मिलित किया जाए। साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है, जिसके तहत जुलाई के पहले सप्ताह में एचपीयू के कुलपति और संकाय सदस्य आईआईटी बॉम्बे का दौरा करेंगे और निदेशक समेत ऊर्जा विज्ञान तथा नैनोप्रौद्योगिकी विभागों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद आईआईटी बॉम्बे के निदेशक और डीन का शिमला दौरा भी प्रस्तावित है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. महावीर सिंह ने एचपीयू में आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से ्हरित ऊर्जा और नैनोप्रौद्योगिकी के लिए सैटेलाइट अनुसंधान केंद्रह्व स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। इससे दोनों संस्थानों के बीच ग्रीष्मकालीन शैक्षणिक आदान-प्रदान और संयुक्त अनुसंधान को बल मिलेगा।

### भारतीय श्रद्धालु 6 वर्षों बाद नेपाल होते हुए कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जा सकेंगे

**काठमांडू :** भारत और चीन के बीच संबंधों में सुधार के साथ ही अब भारतीय नागरिकों को नेपाल के रास्ते तिब्बत के कैलाश मानसरोवर यात्रा की अनुमति दी गई है। चीन की सरकार ने भारतीय पर्यटकों के लिए कैलाश मानसरोवर की यात्रा की अनुमति दे दी है। इसके लिए नेपाली पर्यटन व्यवसायियों ने अपनी तरफ से पूरी तैयारी कर ली है। सन 2020 में कोरोना महामारी और उसके बाद भारत और चीन की सेना के बीच गलवान में हुई झड़प के बाद चीन ने भारतीय नागरिकों के लिए कैलाश मानसरोवर की यात्रा अनुमति को रद्द कर दिया था। दोनों देशों के बीच पिछले कुछ महीनो से कूटनीतिक और राजनीतिक संवाद होने के बाद स्थिति सामान्य हुई है। इसके बाद चीन की सरकार ने भारतीय पर्यटकों के लिए कैलाश मानसरोवर की यात्रा की अनुमति दे दी है। तिब्बत के ल्हासा में रहे नेपाली काउंसलर विभाग के मुताबिक मानसरोवर यात्रा की अनुमति के लिए अब पुलिस सर्विस सेंटर से पत्र आना बाकी है ।बताया गया है कि अगले सोमवार से भारतीय नागरिकों के लिए कैलाश यात्रा की शुरूआत हो सकती है। नेपाल में कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वाले पर्यटन व्यवसायियों की संस्था एसोसिएशन आफ कैलाश टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष विनोद नहर्की ने बताया कि नेपाल से इस वर्ष 20000 भारतीय नागरिकों को कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए कोटा तय किया गया है।

### मालदा में आम की आड़ में शराब तस्करी का प्रयास विफल, एक गिरफ्तार

**मालदा :** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में आम की टोकरियों में छुपा कर बिहार ले जाई जा रही अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। जीआरपी ने गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से आम से भरी छह टोकरियों में छिपाकर रखी गई विदेशी शराब की बोतलें बरामद की गईं। जब्त शराब की बाजार कीमत लगभग उन्नीस हजार रुपये आंकी गई है। घटना रविवार रात की है, जब दिल्लीगामी फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए एक युवक मालदा टाउन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर मौजूद था। पुलिस को गुप्त सूत्रों से इस तस्करी की जानकारी पहले ही मिल चुकी थी। तत्परता दिखाते हुए जीआरपी ने मौके पर छापेमारी की और युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार युवक आम की टोकरियों में शराब छिपाकर उसे बिहार के पटना तक पहुंचाने की फिराक में था। मालदा टाउन जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राय ने बताया कि आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और उससे जुड़े तस्कर गिरोह की जानकारी जुटाई जा रही है। गौरतलब है कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, जिसके चलते वहां अन्य राज्यों से शराब की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पश्चिम बंगाल, झारखंड और अन्य सीमावर्ती राज्यों से तस्कर ट्रेनों, ट्रकों और अन्य माध्यमों से शराब पहुंचाने की कोशिश करते हैं। इन अवैध गतिविधियों में कई बार स्थानीय लोग भी शामिल पाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि यह घटना भी उसी तस्करी नेटवर्क का हिस्सा हो सकती है। गिरफ्तार युवक से पूछताछ जारी है और जल्द ही पूरे नेटवर्क को पकड़ने के लिए छापेमारी की जाएगी।

### झज्जर :पेड़ से लटका मिला नौजवान का शव

**झज्जर :** जिला के गांव खुड्डन में एक युवक ने गले में फंदा लगा पेड़ से लटक कर खुदकुशी कर ली। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव खुड्डन का निवासी सागर सोमवार को गांव में ही अपने भूखंड में एक पेड़ से मृत अवस्था में लटकता हुआ मिला। गली में से गुजर रहे एक पड़ोसी की नजर पड़ी तो हैरान रह गया। उसने सागर के परिजनों को बताया कि उनके भूखंड में पेड़ से सागर की लाश लटक रही है। यह सुनते ही परिजन मौके पर दौड़े। कुछ ही देर में आसपास से काफी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए। सूचना मिलने पर माछरोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की प्राथमिक जांच की। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की। फॉरेंसिक जांच विशेषज्ञ टीम बुलाई ।इस टीम ने घटनास्थल से आवश्यक सबूत इकट्ठे किए। घटनास्थल पर जरूरी जांच कार्य पूरा होने के बाद शव को परिजनों की सहायता से फंदे से उतरा गया। पीड़ित परिजनों ने बताया कि सागर अधिक शराब पीने का आदी था। इसकी वजह से वह कुछ दिनों से तनाव में रहने लगा था। घटनास्थल से किसी प्रकार का सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ। परिजनों और पड़ोसियों से मिली जानकारी के आधार पर लगाए गए प्रारंभिक अनुमान के अनुसार पुलिस का कहना है कि सागर ने आत्महत्या की है। लगता है सागर देर रात पेड़ से रस्सी बांधकर गले में फंदा डालकर झूल गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला है, इसके बावजूद मामले पर नजर रखी जाएगी कि सागर ने किन परिस्थितियों में यह कदम क्यों उठाया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल झज्जर भेज दिया गया है।

# ऊंटा बालिका आश्रय गृह से चार नबालिक युवतियां फरार

### किशोरियों की बरामदगी को लेकर पुलिस चला रही है अभियान

### पिछले 14 मई को भी बालिका आश्रय गृह से फरार हो गई थी तीन युवतियां, अब तक कोई सुराग नहीं

### बालिका आश्रय गृह के सुरक्षा पर उठ रहे सवाल




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** सदर प्रखंड क्षेत्र के ऊंटा में संचालित बालिका आश्रय गृह से शनिवार की रात चार नाबालिक युवतियां फरार हो गई है। फरार हुई नबालिगों का कोई अता पता नहीं चल पा रहा है। शनिवार की मध्य रात्रि में चारों नाबालिग बालिका आश्रय गृह के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर फरार हो गई हैं। इस घटना के बाद से बालिका आश्रम गृह में हड़कंप मच हुआ है। फरार होने वाली किशोरियों में तीन सिमरिया थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों की तथा एक इटखोरी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। इस मामले में बालिका आश्रय गृह की उपाधीक्षक प्रियंका कुमारी ने सदर थाना में आवेदन देकर किशोरियों के भगाने का मामला दर्ज कराई है। आवेदन में बताया गया है शनिवार की मध्य रात्रि आश्रय गृह के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर आश्रय गृह में रह रही चार युवतियां फरार हो गई हैं। रविवार की सुबह आश्रय गृह की चार युवतियां गायब पाई गई। जबकि गृह का मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया गया। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि आश्रय गृह के अधीक्षक के आवेदन के आधार पर सदर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार किशोरियों की बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चला रही है। यहां बताते चले कि बालिका आश्रम गृह का संचालन एक स्वयं सेवी संस्था के द्वारा किया जा रहा है। बाल कल्याण समिति के द्वारा विभिन्न मामलों से आने वाले किशोरियों को बालिका आश्रय गृह को सौंपा जाता है। यहां रहने वाली किशोरियों की देखरेख करने की सभी जिम्मेवारी आश्रय गृह का होता है।

बीते 14 मई को भी बालिका आश्रय गृह से फरार हो गई थी तीन नाबालिग युवतियां सदर प्रखंड क्षेत्र के ऊंटा में संचालित बालिका आश्रय गृह से ठीक एक महीना पहले भी 14 मई की रात आश्रय गृह में रह रही तीन नाबालिक युवतियां फरार हो गई थी। उस समय तीनों युवतियां बालिका आश्रय गृह के बॉलकनी से कपड़े के सहारे नीचे उतरी और फरार हो गई थी। अब तक फरार नबालिक युवतियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अब तक पहले घटित घटना की गुत्थी सुलझी भी नहीं है कि एक बार फिर से आश्रय गृह से चार नाबालिक युवतियां फरार हो गई हैं।

आश्रय गृह के सुरक्षा पर उठ रहे सवाल, आखिर क्यों भाग जा रही हैं युवतियां

बालिका आश्रय गृह से दो माह के अंदर सात युवतियों के फरार हो जाने की घटना के बाद आश्रय गृह की सुरक्षा पर सवाल उठने लगा है। आखिर आश्रय गृह से बार बार युवतियां कैसे फरार हो जा रही हैं और आश्रय संचालकों को इसकी भनक भी नहीं लग पाती है। इससे पहले फरार युवतियों के पास से सर्च के दौरान मोबाइल और अलग अलग कंपनी का मोबाइल नंबर, युवतियों के पास से नए नए चप्पल आदि बरामद हुए थे। सवाल उठता है कि आखिर आश्रय गृह में रह रही नाबालिक युवतियों को मोबाइल व अन्य सामग्री कैसे पहुंच रहें हैं और कौन पहुंचा रहा है। युवतियों से प्राप्त मोबाइल से किससे किससे बात होती थी। यदि पुलिस मामले की गहनता से जांच करें तो कई चौकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वृद्ध का शव बरामद, पहचान में जुटी पुलिस

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के बोडामोड़ गांव स्थित नर्सरी से अहले सुबह एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गयी।सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस इंस्पेक्टर पप्पु कुमार शर्मा, एसआई पुरषोत्तम अग्निहोत्री, नितेश प्रसाद एसआई, पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर भेज दिया। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति की अब तक पहचान नहीं हो पायी है । ग्रामीणों के अनुसार प्रथम दृष्टया उक्त व्यक्ति मानसिक विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है जो पिछले करीब 5 दिनों से बोडामोड गांव में इधर उधर मांगकर खाना खा रहा था।जिससे वह काफी परेशान था। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि फिलहाल, शव को पोस्टमार्टम के बाद सुरक्षित रखा जायेगा। ताकि कोई परिजन या जानने वाला आकर पहचान कर सके। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है और आसपास के थानों को भी सूचना दी गयी है।साथ ही स्थानीय लोगों से भी वृद्ध की पहचान करवाने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने लोगो से अपील की है कि यदि इसकी पहचान होती है तो तुरन्त हंटरगंज थाना को सुचना दे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का प्रांत अभ्यास वर्ग संपन्न

**दुमका :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा 12 जून 2025से 15जून 2025 तक चतरा में प्रांत अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया, जिसमें झारखंड प्रदेश के 300 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मौसम पाल, प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा प्रदेश संगठन मंत्री नितेश कटारे और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

चार दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकताओं को संगठन और सामाजिक कार्यों की गहराई से जानकारी दी गई। इसमें मुख्य रूप से राष्ट्रवाद, संगठन कौशल, नेतृत्व विकास, और अनुशासन पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम के अंत में संगठनात्मक घोषणाएँ की गईं जिनमें हिमांशु दुबे को दुमका विभाग संगठन मंत्री, अभिषेक गुप्ता को जिला संयोजक एवं डॉ. नम्रता गौरव को जिला प्रमुख मनोनीत किया गया.

### मछली विक्रेता महिला से युवक मोबाइल मांग कर हुआ फरार

**गुमला :** गुमला सदर थाना क्षेत्र के खरका डेली मार्केट के समीप मछली बिक्री कर रही खरका निवासी ममता कुमारी से फोन मांग कर बात करने का झांसा देकर एक युवक मोबाइल मांगकर हुआ फरार, इसके बाद आस पास में उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा बाइक सवार का पीछा किया गया। तभी बाइक सवार नवाडीह के समीप अनियंत्रित होकर उक्त बाइक एक बड़े गढ्ढा में घुस कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसका बाइक का शोकर टूटकर गिर गया , और लोगों को पिछा करते देख , उक्त युवक अपना बाइक और मोबाइल छोड़कर पैदल भागने के लिए उसे मजबूर होना पड़ा , उक्त घटना की सूचना पर पुलिस उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाना लाई और उक्त मोबाइल को ममता कुमारी को सौंप दिया।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर का आयोजन



**गुमला :** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित ₹धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान₹ के अंतर्गत गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जनजातीय समुदाय को संतृप्त करने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं मौके पर ही कई लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया।

इस अवसर पर संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत, वन अधिकार अधिनियम, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, कृषि, उद्यान, आजीविका मिशन सहित अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा यह अभियान 15 जून से 30 जून, 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जनजातीय ग्रामों में शत-प्रतिशत योजना संतृप्ति सुनिश्चित करना एवं जागरूकता को बढ़ाना हैं।

### एमजीएम मेडिकल कॉलेज के लिए गार्ड की मांग की गई

**जमशेदपुर :** एमजीएम मेडिकल कॉलेज में अभी 45 गार्ड कार्यरत हैं लेकिन यहां गार्ड की कमी को देखते हुए 15 अन्य गार्ड की मांग की गई है। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर डी हांसदा ने पत्र भेज कर अतिरिक्त 15 गार्ड की मांग की है। वही अस्पताल के लिए भी गार्ड बढ़ाने की मांग की गई है।

### चार शिविरों में 86 लोगों ने रक्तदान किया

**धनबाद :** धनबाद मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर ने बुधवार को चार जगहों पर रक्तदान शिविर लगाए। शिविर में ब्लड सेंटर को 86 यूनिट ब्लड मिले। जोड़ाफाक गुरुद्वारा के शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया। सीआरपीएफ प्रधानकांता में 15 जवानों ने रक्तदान किया। इसके अलावा मारवाड़ी युवा मंच धनबाद उदय शाखा ने बैंक मोड़ चैंबर कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जहां 25 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर प्रभात सुरोलिया, प्रमोद गोयल, संदीप मुखर्जी, मनोज यादव, गोपाल भट्टाचार्य और सुनील चौधरी समेत शाखा अध्यक्ष गीतांशु मित्तल, सचिव रौनक सुरोलिया, कोषाध्यक्ष विशाल वर्मा आदि मौजूद थे। इसके अलावा माले ने जगजीवन नगर में रक्तदान शिविर आयोजित किया, जहां छह लोगों ने रक्तदान किया।

### सृजन शाखा का मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर

**धनबाद :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सृजन शाखा ने रविवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया। पुराना बाजार स्थित एक होटल में शिविर का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ शुभम नारनोली शामिल हुए। डॉ शुभम ने मेंटल हेल्थ से संबंधित कई अहम जानकारी दी। लोगों ने उनसे कई प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम को सफल बनाने में धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महासचिव सीए ललित झुनझुनवाला, प्रीति गोयल, शाखा अध्यक्ष निशा गाडयान, शाखा सचिव निशा अग्रवाल सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

### चतरा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

## बिरजू केसरी दूसरी बार बने अध्यक्ष

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**चतरा :** चतरा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का चुनाव रविवार को होटल निवार्ना में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए हुए इस चुनाव में निवर्तमान अध्यक्ष बिरजू प्रसाद केसरी व विजय कुमार मिश्रा आमने सामने थे। कुल 291 वोटरों में से 199 वोटर चुनाव में अपने अपने मतों का प्रयोग किया। इसमें दो वोट रद्द हो गए । बिरजू प्रसाद केसरी को 110 वोट प्राप्त हुए, जबकि प्रतिद्वंद्वी विजय कुमार मिश्रा को 87 वोट मिला। इस तरह बिरजू प्रसाद केसरी 23 वोट से विजय कुमार मिश्रा को पराजित कर दूसरी बार अध्यक्ष बने। एसोसिएशन के शेष सभी पदों पर एक एक उमीदवार रहने के कारण पहले ही अन्य सभी पदों का परिणाम घोषित हो चुका था। उपाध्यक्ष पद पर धनेश्वर प्रसाद यादव, सचिव पद पर अनिमेष कुमार दत्ता, कोषाध्यक्ष पद पर सोहैल आलम, संगठन सचिव पद पर विनय कुमार एवं सह सचिव पद पर कौशल कुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित किए गए। चुनाव पदाधिकारी दिलिप कुमार व सह चुनाव प्रभारी पवन कुमार व मंटू कुमार ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा किया। मौके पर उपस्थित ड्रगिस्ट एवं केमिस्ट एसोसिएशन के लोगों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

## जिला कार्यक्रम पदाधिकारी महाराष्ट्र में आयोजित विज्ञान प्रशिक्षण के लिए भेजा गए

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**गुमला :** गुमला झारखंड शिक्षा परियोजना की अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो को दिनांक 15 से 18 जून तक झारखंड सरकार द्वारा विज्ञान प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुणे भेजा गया है । ज्ञात हो कि विज्ञान शिक्षण और अनुसंधान हेतु यह संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थान है जो पुणे, महाराष्ट्र में स्थित है । राज्य सरकार द्वारा राज्य में विज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता संवर्धन हेतु इस संस्थान के साथ एकरारनामा करते हुए राज्य स्तर से सभी 24 जिले से शिक्षा पदाधिकारियों को प्रशिक्षण में भेजा गया है जिसमें गुमला से एडीपीओ ज्योति खलखो का चयन किया गया है । ज्ञात हो कि भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के साथ मिलकर ₹इंस्पायरिंग इंडिया इन रिसर्च, इनोवेशन एंड स्टेम एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे, द्वारा झारखंड में विज्ञान शिक्षा के प्रसार तथा नवाचार एवं गुणवत्ता संवर्धन के उद्देश्य से इसे संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य का समर्थन करता है तथा इससे जिले में स्टेम एजुकेशन ( विज्ञान, गणित, इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी) सहित विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग के प्रमुख शिक्षा कार्यक्रम के क्रियान्वयन और नवाचार को और अधिक मजबूती मिलेगी , ज्योति खलखो विज्ञान विषय में शिक्षण संबंधी जिले की भावी कार्ययोजना एवं अन्य विषय पर आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए 14 जून की संध्या में पुणे पहुंच चुकी हैं तथा आज से आयोजित प्रशिक्षण में भाग ले रही हैं । उनके द्वारा इस प्रशिक्षण से वापस लौटने के उपरांत जिले में विज्ञान शिक्षा में नवाचार एवं गुणवत्ता संवर्धन हेतु कार्ययोजना का निर्माण करते हुए जिले में गुणवत्तापूर्ण विज्ञान शिक्षण एवं स्टेम एजुकेशन सहित नवाचार हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाते हुए शिक्षकों के साथ मिलकर कार्य किए जाएंगे।

### नाबालिग किशोर और किशोरी बरामद

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित ललित उरांव बस स्टैंड से शनिवार रात्रि को गुमला सदर थाना पुलिस ने महुवाडाड़ थाना क्षेत्र के नाबालिग किशोर और कुरकुरा थाना क्षेत्र की नाबालिग किशोरी को बरामद की है। दोनों नाबालिग को बरामद कर और पूछताछ के क्रम में पुलिस को पता चला की उक्त दोनों किशोर - किशोरी फेसबुक के माध्यम से उनकी दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों रांची घूमने गए हुए थे। रांची से गुमला आने पर उन्हें गुमला से वापस अपने अपने घर जाने के लिए बस नहीं मिला तो उक्त दोनों प्रेमी प्रेमिका बस स्टैंड में बैठे थे , घटना के बाद पुलिस ने दोनों ,नाबालिग के परिजनों को सूचना दे दी है। परिजन के आने के बाद दोनों को सौंप दिया जाएगा।

## जोरी थाना परिसर में लगा मध्यस्थता शिविर, दर्जनों मामलों का निष्पादन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निदेर्शानुसार रविवार को वशिष्ठ नगर जोरी थाना परिसर में निः शुल्क मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के जोरी कला, करैलीबार, पंचायत के फुलवरिया होसिल पैनीकला, दंतार, बड़की सलैया,आदि गांवो से आवदेन लेकर आए लोग जमीनी विवाद, गाली गलौज, घरेलू विवाद को एक एक पक्ष की बातो को सुनने के बाद मध्यस्थता कर निष्पादन किया गया।इस दौरान पीएलवी संदीप कुमार और सब इंस्पेक्टर छोटन राम के द्वारा बताया गया कि विवाद के निपटारे के लिए समय व अर्थ बचत के लिए मध्यस्थता शिविर को अपनाएं। मध्यस्थता के माध्यम से विवादों के निपटारे में दोनों पक्ष की जीत है। उन्होंने कहा कि भेदभाव से रहित शिविर त्वरित न्याय का नारा है और सबको सुलभ न्याय मिल जाए यही उद्देश्य है। इससे जहां एक तरफ पक्षकारों को त्वरित न्याय पाने का अवसर मिलता है।वही दोनों पक्षकारों के बीच आपसी संबंध भी हमेशा के लिए बेहतर बने रहते हैं।न्याय पाने का यह एक ऐसा माध्यम होता है जिसमें दोनों पक्षकारों की जीत होती है।मौके पर विभिन्न गांवों से दर्जनों लोग मौजूद थे।

## नर्सरी के लिए शुरू किया बीजारोपण, किसानों को सरकारी धान के बीज में रुचि नहीं

**पटमदा:** पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के किसानों ने बीते करीब 10 दिनों से धान की खेती के लिए मौसम को अनुकूल मानते हुए बीजारोपण शुरू कर दिया है। पूर्व में हुई बेमौसम बारिश के बाद कड़ी धूप से नर्सरी के लिए जुताई हेतु उपयुक्त समय मिल गया है। लेकिन यहां के किसानों को राज्य सरकार द्वारा लैंपस के माध्यम से अनुदानित दर पर दिए जा रहे धान के बीज में रुचि नहीं है बल्कि वे अपने हिसाब से खुले बाजार से ही ऊंची कीमतों पर मनपसंद बीज खरीद रहे हैं। बताते हैं कि पटमदा, बांगुड़दा, बोड़ाम एवं गोबरघुसी लैंपस के लिए अब तक स्वर्ण एमटीयू 7029 किस्म के 100 क्विंटल बीज चार दिनों पूर्व प्राप्त हुए हैं।

लेकिन अब तक सिर्फ 4 क्विंटल की ही बिक्री हो चुकी है। जबकि अब तक दूसरे साल 150 क्विंटल तक की खरीदारी किसान कर लेते थे। इस संबंध में पटमदा लैंपस के सदस्य सचिव रामपद महतो ने बताया कि आईआर 64 किस्म के बीज का भी 100 क्विंटल ऑर्डर दिया जा चुका है जो अभी तक अप्राप्त है। पटमदा की विभिन्न खाद बीज की दुकानों में सुबह से ही किसानों की भीड़ देखी जा रही है और उन लोग सरकारी से अलग पान जमुना 804, एनपी 7075, कावेरी 468, अराइज 6555 व 6585 व पायनर 27 पी 37 समेत अन्य किस्म के बीजों की खरीदारी करते हुए नर्सरी के लिए बिचड़ा खेतों में डाल रहे हैं।

## विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**




**गुमला :** नालसा एवं झालसा के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र के मार्गदर्शन में जिला के विभिन्न क्षेत्र में पीएलवीयों द्वारा विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा ओल्ड एज होम गुमला में बुजुर्गों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया गया जिसमें बुजुर्गों का चेकअप कर आवश्यकता अनुसार दवा का वितरण किया गया । डालसा टीम द्वारा बुजुर्गों के बीच मिठाइया ,ओआरएस,बिस्किट बांटा गया । इस अवसर पर बोलते हुए प्रधान जिला जज ने कहा कि विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम है। जिससे 15 जून को मनाया जाता है ।आज के परिवेश में बच्चे बड़े होने पर माता-पिता से दूरी बनाने लगते हैं जिससे परिवार में बिखराव आता है बुजुर्ग माता-पिता का छांव परिवार में बहुत ही महत्वपूर्ण है । भारतीय दादा-दादी छोटे बच्चों को भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करते हैं जिसे माता-पिता अपने करियर और व्यक्तिगत लक्षण पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं जिससे परिवार का विकास होता है। वृद्ध व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय नीति और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भरण पोषण और कल्याण अधिनियम की शुरूआत से वृद्धो को आर्थिक और भावनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित होती है । हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने भी बुजुर्गों की हितों की रक्षा करने के पक्ष में प्रावधान बनाया है। विधिक सेवा प्राधिकार गुमला आपकी सेवा में बराबर उपस्थित रहता है और आपको जब भी आवश्यकता पड़े आप विधिक सेवा प्राधिकार से सहायता ले सकते हैं।

ए डीजे द्वितीय मनोज शर्मा ने कहा कि ओल्ड एज होम में बुजुर्ग लोगों के लिए सरकार ने सारा व्यवस्था अच्छे ढंग से किया है इसमें बुजुर्ग आराम से रहें और किसी प्रकार की कठिनाइयां होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार को सूचित कर उनसे सहायता ले सकते हैं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम कुमार लाल गुप्ता ने कहा कि जिला जज के निर्देश पर मैं हमेशा वृद्ध आश्रम आते रहता हूं और बुजुर्गों के दुख दर्द सुनते रहता हूं और उसे दूर करने का प्रयास करता हूं और आगे भी वृद्ध जनों की सेवा के लिए मैं तत्पर रहूंगा।

सभा को रजिस्ट्रार प्रतिक राज,एलएडीसी के प्रमुख डीएन ओहदार,वुंदेश्वर गोप ने भी संबोधित किया ।सभा का संचालन स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह ने किया ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रकाश पांडे तेतरु उराव एलएडीसु के जितेंद्र सिंह ,इंदु पांडे तथा संस्था के सचिव रिजोईस एरिक, वार्डन ज्योति प्रमिला केरकेटाआदि शामिल थे ।इसके अलावे प्रति माह की भांति आज भी जेल अदालत सह जागरूकता शिविर का आयोजन मंडल कारा में गुमला में किया गया जिसमें न्यायिक पदाधिकारी गण उपस्थित रहे ।